26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बृहस्पतिवार, 10 सितम्बर, 2026
अंक- 317 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## यूपी में एक करोड़ महिलाओं को एक लाख मिलेंगे!

**योगी सरकार देगी एक लाख तक का ब्याजमुक्त क्रेडिट**

लखनऊ (चिंगारी/एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बड़ा चुनावी ऐलान करने जा रही है। प्रदेश की एक करोड़ महिलाओं को एक लाख रूपये ब्याजमुक्त क्रेडिट की महत्वाकांक्षी योजना की तैयारी कर ली गई है। राज्य आजीविका मिशन के तहत एक करोड़ महिलाओं को एक लाख रूपये तक का ब्याजमुक्त क्रेडिट दिया जायेगा। यह राशि तीन किश्तों में वितरित होगी। पहली किश्त 20 हजार, दूसरी किश्त 30 हजार तथा तीसरी किश्त 50 हजार रूपये की होगी। हालांकि योगी सरकार की यह योजना आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर है, लेकिन सरकार का दावा है कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।


**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।
कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।
हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।
-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404


# मायावती ने भतीजे आकाश को पार्टी से निकाला



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया है। मायावती ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि आकाश अब पूरी तरह स्वतंत्र हैं। यह भी बताया कि आकाश दोहरी मानसिकता से काम कर रहे थे। मायावती के इस फैसले से बसपा में हड़कम्प मचा हुआ है।

बता दें कि इससे पहले मायावती ने कहा था कि अगर आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ राजनीति से संन्यास ले लें तो वह आकाश को फिर से पार्टी में जिम्मेदारी सौंप सकती हैं। इस पर अशोक सिद्धार्थ ने संन्यास लेने का ऐलान भी कर दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया। मायावती ने अशोक सिद्धार्थ के कदम को 'देर आए-दुरुस्त आए' बताया। साथ ही आकाश आनंद बसपा से पूरी तरह मुक्त कर दिया। मायावती ने कहा कि यदि अशोक सिद्धार्थ ने पहले ही राजनीति से संन्यास ले लिया होता तो बसपा, बहुजन समाज और बहुजन मूवमेंट के साथ-साथ आकाश आनंद को भी विपरीत परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ता।

मायावती ने कहा कि अगर अशोक सिद्धार्थ पहले ही यह फैसला ले लेते तो उन्हें विधानसभा चुनाव और खासकर उत्तर प्रदेश में पांचवीं बार सरकार बनाने की तैयारियों के बीच पार्टी और मूवमेंट के व्यापक हित में उनके बारे में कई बार कड़े फैसले लेने की जरूरत नहीं पड़ती। बसपा की अंबेडकरवादी राजनीति की पहचान त्याग, तपस्या, संघर्ष और कुर्बानी के साथ-साथ निजी और पारिवारिक स्वार्थ से दूर रहने की रही है। मायावती ने कहा कि पार्टी के सभी लोगों को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के आदर्शों से सीख लेते हुए निजी और पारिवारिक स्वार्थ तथा पद की लालसा से ऊपर उठना चाहिए। तभी बहुजन समाज शासक वर्ग बन सकेगा। जितना महान लक्ष्य होता है, उतनी ही बड़ी कुर्बानी की जरूरत होती है।

## भारत दुनिया का सबसे बड़ा कच्चा जूट उत्पादक

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारत दुनिया का सबसे बड़ा कच्चा जूट उत्पादक देश है और जूट उद्योग से करीब 40 लाख किसान परिवारों तथा 3.70 लाख श्रमिकों की आजीविका जुड़ी है। सरकारी सूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में देश में 76 लाख गांठ कच्चे जूट और 12.80 लाख टन जूट उत्पादों का उत्पादन हुआ। इस दौरान 1.71 लाख टन जूट उत्पादों का निर्यात किया गया, जिसका मूल्य 3,155.27 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,925 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। सरकार के अनुसार यह अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर 61.8 प्रतिशत प्रतिफल सुनिश्चित करता है।


**खुशखबरी खुशखबरी**

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

कोर्सेस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE

छात्रों के लिए विशेष लाभ:
- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णत: नि:शुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520

Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST),
शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक,
बिजनौर - 246701 (U.P.)



**बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़**

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ
**डॉ. सुधांशु चौधरी**
MS (Anorectal Surgeon)

अब
सप्ताह में दो दिन बिजनौर में
बृहस्पतिवार -बिजनौर
शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# चेयरमैन इंजी. मुअज़्ज़म ने हज आजमीनों को ट्रेनिंग दी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगरपालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने 2027 में हज पर जाने वाले आजमीनों की मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें हज आजमीनों का मेडिकल चेकअप कर हज की ट्रेनिंग दी गई।**

इंजीनियर मुअज्ज़म पिछले काफी सालों से हज पर जाने वाले आजमीनों के फ्री फॉर्म भरने के साथ उन्हें हज की ट्रेनिंग देने का नेक काम कर रहे हैं। इस साल भी 2027 के लिए हज पर जाने वाले आजमीनों के चेयरमैन ने 29 जून से 20 जुलाई 2026 तक हज फॉर्म भरे। पिछले 25 वर्षों से नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म द्वारा हज पर जाने वाले आजमीनों को हज फॉर्म भरे जाते है व हज ट्रेनिंग दी जाती है।

इसी क्रम में बुधवार को हज आजमीनों से चेयरमैन इंजीनियर मुअज्ज़म ने वार्ता कर उनका मेडिकल चेकअप कराया। साथ ही उन्हें हज की ट्रेनिंग दी। हज आजमीनों का चेकअप करने वाली टीम में नीमा संस्था से डॉ. मौ. जाफिर, डॉ. मौ. सुलेमान, डॉ. रियाज़, डॉ. इबादुर्रहमान, डॉ. फैजान आलम, डॉ. मौ. शाकिर, डॉ. उस्मान अली अंसारी, डॉ. शरीफ अहमद, डॉ. सरफराज़ आलम, डॉ. मौ. शाहबाज, डॉ. मौ. मुजाहिद, डॉ. फरमान, डॉ. मलिक, डॉ. रहमान तसलीम, डॉ. मौ. इलियास, डॉ. फिरोज, डॉ. कोनेन अली, डॉ. अक्षय चौहान, डॉ. विजय टोलिया, डॉ. मोनिस, डॉ. मौ. हारून, डॉ. शमशुल इस्लाम आदि मौजूद रहे।


हज आजमीनों को हज की ट्रेनिंग देते चेयरमैन इंजी. मुअज्जम।

## इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे कांस्य पदक से सम्मानित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई नॉर्थ ज़ोन-1 क्लस्टर ग्रुप, ताइक्कांडो बॉय्ज़ मे भाग लिया। इस चैम्पियनशिप का आयोजन सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल, देवबंद, सहारनपुर में किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय के जतिन तोमर (कक्षा 11 मैथ्स), सुक्रित सिंह (कक्षा 8) ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतकर उन्होंने अपने स्कूल व कोच वंशिका चैहान का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि के लिए चेयरमैन ओमप्रकाश राजपूत ने विधियार्थियों व संबंधित अध्यापको को शुभकामनाए दी। डायरेक्टर ऐकडेमिक एवं प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत ने विजेता विद्यार्थियों को भविष्य मे इसी प्रकार से मेहनत व लगन से अपनी प्रतिभा को बनाये रखने को आशीर्वाद दिया।

## पुलिस ने बुलडोजर चलवाकर हटाया रेस्टोरेंट स्वामी का अतिक्रमण


राष्ट्रीय राजमार्ग पर किया गया अतिक्रमण हटाते हुए बुलडोजर।

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंडावली क्षेत्र के ग्राम राजारामपुर तुलसी में पुलिस-प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर एक व्यक्ति द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटवाया। राजारामपुर स्थित दाना पानी रेस्टोरेंट के स्वामी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर टीन शेड बनाकर अतिक्रमण किया गया था। एनएचएआई द्वारा कई बार नोटिस दिया गया था। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। एनएचएआई के एसडीओ विनोद उनियाल, अवर अभियंता अंकुश कुमार ने नायब तहसीलदार अमित कुमार, कानूनगो अशोक शर्मा, लेखपाल रवि कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण को हटवा दिया। एसडीओ विनोद उनियाल ने बताया कि फलौदी हादसे के बाद उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। राजारामपुर तुलसी में दाना पानी रेस्टोरेंट के बाहर से किए गए अतिक्रमण के अंतर्गत झोपड़ी व टीन शेड को हटाया गया है। इसके पास में ही एक अन्य के द्वारा किए गए अतिक्रमण को भी बुलडोजर से हटवाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।


तहसील में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान।

## किसानों की प्रशासन से पहले दौर की वार्ता विफल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भाकियू ब्लॉक नजीबाबाद की मासिक पंचायत नजीबाबाद तहसील में आयोजित की गई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन से पहले दौर की वार्ता विफल हो गई। जिसके बाद किसानों ने अपनी मांगों को लेकर तहसील परिसर में चल रहे धरने को अनिश्चितकालीन रूप से जारी रखने की निर्णय लिया। इस मौके पर अजय बालियान ब्लॉक अध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार तहसील अध्यक्ष, दिनेश कुमार प्रदेश सचिव, सत्यम तोमर, सोनू गिरिराज, अवनीश कुमार, मदन चौहान, नरदेव, विरेश राणा, महेंद्र सिंह, मुकुल, अभिषेक, दुष्यंत, सौरभ, पंकज, सूरज सिंह, अमित, नीटू आदि किसान मौजूद रहे।

## महिला ने रसोईया के पद से जबरन हटाने का आरोप लगाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम भोगपुर निवासी ममलेश पत्नी सुरेंद्र पाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि उसे जुलाई 2017 में प्राथमिक विद्यालय भोगपुर ब्लॉक नजीबाबाद में रसोईया के पद पर नियुक्त किया गया था तभी से वह ईमानदारी से अपने कार्य को करती चली आ रही है। विद्यालय में तीन रसोईया खाना बनाने का कार्य करती है। आरोप है कि 17 सितंबर 2026 को मुख्य अध्यापिका कविता ने उसे रसोईया के पद से हटा दिया। पीड़ित महिला का कहना है कि उसका परिवार गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करता है। उसके तीन बच्चे है, उसे हटाने से उसके परिवार के सामने आर्थिक संकट पैदा हो जाएगा। क्योंकि वह भूमिहीन गरीब मजदूर है और उसके पति मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते है। महिला ने उसकी रसोईया के पद पर पुनः नियुक्त नियुक्त कराने की गुहार लगाई है।

## मुसलमानों से जात-पात छोड़कर सच्चाई के रास्ते पर चलने का आव्हान



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जमीअतुल उलेमाए हिंद नजीबाबाद की जानिब से चल रहे नौ रोजा प्रोग्राम के तहत नगर के मौहल्ला संतोमालन स्थित कांटों वाली मस्जिद में बाद नमाजे ईशा सीरत ए नबी सल्लाहु अलैहिवस्सलाम प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जलसे का आगाज मौलाना मौ. कासिम की तिलावत कलामे पाक से किया गया। जलसे को मेहमाने खुसूसी रामपुर से आए मौलाना ने खिताब करते हुए मुसलमानों से नबी की सीरत के अनुसार जिंदगी गुजारने, जात-पात छोड़ने, बुराईयों से बचकर चलने की सलाह दी। इस मौके पर विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम खान, मौलाना मौ. ईसा, मुफ्ती अरशद, मुफ्ती गुफरान, मौलाना अबरार, मौलाना रईस, हाजी फारूक, डॉ. हारून, मौ. आबिद अली, खिजर अहमद, सोहराब, डॉ. शमशुल इस्लाम, एमडी खान, मुमताज पहलवान, खुर्शीद सैफी, इकबाल अहमद, इरशाद मेम्बर, कलवा शेख मंसूरी, बुरहान आदि मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण जीवन जीने की कला सिखाने वाले जगद्गुरू : डॉ. दीपक

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भगवान कृष्ण की बालस्वरूप झांकी को पालने में सजाकर झुलाया गया। गायत्री शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा व श्रीमती प्रेमलता शर्मा, सचिव जितेन्द्र सिंह व श्रीमती रिंकी सिंह ने भगवान कृष्ण का षोडशोपचार पूजन किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि श्री कृष्ण केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाले जगद्गुरू हैं। महाभारत में अर्जुन के सारथी बनकर उन्होंने संसार को गीता का अमर ज्ञान दिया। श्रीकृष्ण का निष्काम कर्म का सिद्धान्त आज की तनावभरी जिन्दगी में मानसिक शांति पाने का सबसे बड़ा साधन है। श्री कृष्ण ने श्रीमद् भागवत गीता में कहा है हमें फल की चिंता किए बिना केवल अपने कर्तव्य पर ध्यान देना चाहिए। गायत्री परिवार की महिला मंडल की बहनों श्रीमती कामेश शर्मा, सुमन वर्मा, नीलम करनवाल, रीना सिंह ने भजन कीर्तन किया। कार्यक्रम में हरीश शर्मा, ओमपाल सिंह, निशान्त, डॉ. सचिन, दिनेश राजपूत आदि मौजूद रहे।


गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित कार्यक्रम।

बच्चे के भविष्य को आकार देते हैं शिक्षक- के.के. विश्नोई ( पेज 11 )



# आलोपुर में गुलदार ने मानसिक रूप से कमजोर युवती को बनाया अपना शिकार

## ग्रामीणों में रोष, गांव में दहशत का माहौल



घटनास्थल पर मौजूद अधिकारी व ग्रामीण।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम आलोपुर में आज सुबह मानसिक रूप से कमजोर एक युवती को गुलदार ने अपना शिकार बना लिया। इस घटना से गांव में दुख की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने रोष जताया। ग्राम आलोपुर में गुरूवार को सवेरे मानसिक रूप से कमजोर बबीता पुत्री ओमप्रकाश अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान जंगल से निकलकर वहां पहुंचा गुलदार युवती पर हमला कर उसे घसीटकर जंगल की तरफ ले गया। ग्रामीणों ने जब यह देखा तो उन्होंने शोर मचाया। शोर मचाने पर काफी ग्रामीण मौके पर जमा हो गये। ग्रामीणों ने तुरंत युवती की तलाश शुरू कर दी। काफी देर बाद ग्रामीणों को जंगल में एक स्थान पर युवती की लाश मिली। जिससे युवती के परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने इस घटना पर रोष जताया। गुलदार द्वारा युवती को अपना शिकार बनाने से दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। मौके पर काफी ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर वन विभाग के रेंजर राजकुमार, एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीओ सुनील कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाया। वनविभाग ने गांव में पिंजरा लगाने की बात कही।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने बिजनौर में की जनसुनवाई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने आज यहां विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई की। इस दौरान महिला उत्पीड़न संबंधी अनेक मामले उठाये गये। हल्दौर के पत्रकार संजीव मिश्रा और उनकी पत्नी प्रीति मिश्रा ने अपनी मासूम बेटी प्रिशा की डाक्टर की लापरवाही से हुई मौत का मामला रखा, जिस पर आयोग की अध्यक्ष ने आवश्यक कार्रवाई की निर्देश दिये। जनसुनवाई में जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक के.के. विश्नोई सहित जनपद के अनेक प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्रों एवं शिकायतों पर संबंधित विभागों और अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की गई।

**मिश्रा दम्पति ने अपनी बेटी की मौत का मामला उठाया**

# कमालपुर में गुलदार ने एक व्यक्ति को हमला कर घायल किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कमालपुर खाईखेड़ी में गुलदार ने एक व्यक्ति पर हमला कर उसे घायल कर दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्राम पंचायत कमालपुर खाईखेड़ी निवासी महीपाल पुत्र गोपी सिंह बुधवार को सुबह अपने घर के बाहर सो रहा था। इसी दौरान वहां पहुंचे गुलदार ने उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। महीपाल की चीख पुकार सुनकर काफी ग्रामीण मौके पर पहुंचे मगर उससे पहले ही गुलदार वहां से जंगल की ओर भाग गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर वनविभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़वाने की मांग की।



## छठी महोत्सव मनाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका चौक पर स्थित श्री पंचायती महादेव मंदिर में श्रीकृष्ण छठी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया। झूले में विराजमान भगवान कृष्ण को भक्तों ने बड़े प्रेम से झूलाया। विनीत अग्रवाल उर्फ लालू एवं प्रीति अग्रवाल ने आरती की। इस अवसर पर गौरव अग्रवाल, राजेन्द्र गौतम, राममूर्ति गौतम, राजेन्द्र चौधरी एडवोकेट, सुभाष अग्रवाल एडवोकेट, विशाल अग्रवाल एडवोकेट, सुरेश कुमार शर्मा, प्रतीक कुमार शर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। भगवान की आरती के बाद भण्डारा हुआ। सैकड़ों भक्तों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

★हीरो मोटो कॉर्प के इलैक्ट्रिक स्कूटर VIDA की बुकिंग शुरू
Hero
Hero
पहले बुक करायें और पहले पायें अपना स्कूटर
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

# चुनाव की तैयारी

**उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य की सभी प्रमुख पार्टियों ने कमर कस ली है। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनकल्याण के अनेक कदम उठा रहे हैं, ताकि चुनाव में सभी वर्गों का समर्थन भाजपा को मिल सके, वहीं दूसरी ओर मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी सत्ता में आने के लिये हर दांव खेल रही है। इसी के तहत सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने नीला पटका धारण कर लिया है। उनका प्रयास दलितों व अति दलितों को अपने पाले में लाने का है ताकि चुनावी नैया को आसानी से पार लगाया जा सके। अखिलेश पिछले लोकसभा चुनाव से ही पीडीए का नारा बुलंद कर रहे हैं, जिसका उन्हें 2024 में भरपूर लाभ मिल चुका है। इसी के साथ सपा व कांग्रेस योगी सरकार की नाकामियों को उजागर करके अपने लिये जमीन तैयार करने में लगी हैं। हालांकि प्रदेश में योगी सरकार ने जनकल्याण की दिशा में कई सार्थक कदम उठाये हैं। पिछले वर्षों में लगभग पन्द्रह लाख लोगों को मुफ्त लैपटॉप मिले, लगभग 25 लाख लोगों को बेरोजगारी भत्ता मिला और 1800 करोड़ रूपये 'कन्या विद्याधन', के नाम पर खर्च किये गये। आश्यर्चजनक रूप से हर समय अल्पसंख्यक कल्याण की बात करने वाली पिछली सपा सरकार ने हमारी बेटी, उसका कल जैसी उस योजना को भी बन्द कर दिया था, जो विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के बीच स्त्री शिक्षा और आत्मनिर्भरता के विकास के लिए लागू की गयी थी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का कहना है कि हमारा जोर समाज के सभी वर्गों के जमीनी विकास पर अधिक होगा। सच जो भी हो, यह सच्चाई है कि प्रदेश के युवा वर्ग को सपने परोसने के बावजूद इन योजनाओं का लाभ एक अत्यन्त सीमित वर्ग को ही मिल पा रहा था और सम्बन्धित प्रक्रिया अत्यन्त जटिल थी। इसके चलते जिन नौजवानों ने सरकार से कुछ विशेष उम्मीदें पाल रखी थीं, उन्हें टूटने में अधिक समय नहीं लगा और पिछले लोकसभा चुनावों में उन्होंने फिर से विपक्ष को वोट दिया। अब हालत यह है कि मोदी सरकार युवाओं से किये गये वादों को भूला कर उन्हें नये सपने दिखाने में लगी है, जबकि योगी सरकार युवाओं सहित सभी वर्गों को आकर्षित करने के लिये ऐन चुनाव के मौके पर कोशिशें कर रही है।**

# योगी-अखिलेश की सियासत में जमीन से सोशल मीडिया तक संग्राम

उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बीच की चुनावी तनातनी अब केवल राजनैतिक रैलियों या सदन के पटल तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी यह संघर्ष एक बेहद आक्रामक और वर्चुअल जंग का रूप ले चुका है। जैसे-जैसे आगामी विधानसभा चुनावों का समय नजदीक आ रहा है, दोनों दलों के बीच राजनीतिक और वैचारिक द्वंद के तौर-तरीके भी पूरी तरह बदल चुके हैं। अब मंच के भाषणों से ज्यादा एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड होने वाले तीखे वीडियो, मीम्स, एआई जनरेटेड कंटेंट और ताबड़तोड़ बयानों ने मुख्य राजनीतिक युद्धभूमि का स्थान ले लिया है। इस वर्चुअल रणक्षेत्र में दोनों नेता एक-दूसरे की नीतियों, व्यक्तिगत छवि और राजनीतिक अतीत को कटघरे में खड़ा करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों और सोशल मीडिया ट्रेंड्स का खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे उत्तर प्रदेश का राजनीतिक पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। ताजा मामला आज का है, जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सहारनपुर दौरे के दौरान उनके हेलीकॉप्टर को उतरने की अनुमति न मिलने पर सियासी आरोप-प्रत्यारोप का दौर गरमा गया। समाजवादी पार्टी ने इस घटना को सत्ताधारी दल की गहरी राजनीतिक बौखलाहट और तानाशाही रवैये का प्रतीक करार दिया है। पार्टी नेताओं का आरोप है कि बढ़ते जनाधार से घबराई भारतीय जनता पार्टी सरकार जानबूझकर विपक्षी दलों के कार्यक्रमों में प्रशासनिक अड़ंगे लगा रही है, ताकि लोकतंत्र की आवाज को दबाया जा सके। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी और प्रशासनिक अधिकारियों ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि हेलीकॉप्टर की लैंडिंग की अनुमति सुरक्षा और ऐनवक्त पर तय किए गए सुरक्षा मानकों के अनुपालन न होने के कारण नहीं दी गई थी। सत्तारूढ़ दल का कहना है कि विपक्ष हर प्रशासनिक प्रक्रिया को राजनीतिक रंग देकर सनसनी फैलाने की कोशिश करता है और कानून के नियमों से ऊपर उठकर काम करना चाहता है। इस पूरे प्रकरण ने एक बार फिर से राज्य में सत्ता पक्ष और मुख्य विपक्षी दल के बीच की राजनीतिक रस्साकशी को और अधिक तीखा बना दिया है, जहां हर छोटी घटना पर दोनों दल एक-दूसरे को कटघरे में खड़ा करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। प्रदेश की राजनीति में इस हाई-टेक टकराव का सबसे बड़ा और प्रमुख आधार धार्मिक और



सांस्कृतिक मुद्दे बने हुए हैं, जिनमें विशेष रूप से अयोध्या और राम मंदिर से जुड़े विषय शामिल हैं। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से मंदिर निर्माण में दान और चढ़ावे में हेराफेरी जैसे गंभीर और संवेदनशील मुद्दों को उठाकर सीधे तौर पर सरकार की पारदर्शिता को कटघरे में खड़ा किया है। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा खेमे ने भी सोशल मीडिया पर आक्रामक रुख अपनाते हुए विपक्ष पर सनातन आस्था को ठेस पहुंचाने और धार्मिक स्थलों की गरिमा को धूमिल करने के षड्यंत्र रचने का करारा आरोप लगाया है। इस वैचारिक और डिजिटल रस्साकशी के दौरान कई बार मामला तब और अधिक बिगड़ जाता है, जब दोनों तरफ से एआई-जनरेटेड वीडियो या डिजिटल कैरिकेचर का इस्तेमाल करके एक-दूसरे के शीर्ष नेतृत्व को



सीधे तौर पर निशाना बनाया जाता है। इस तरह के विजुअल और ऑडियो टूल्स के जरिए जब तीखे व्यंग्य और आरोप प्रसारित किए जाते हैं, तो इंटरनेट पर दोनों दलों के समर्थकों के बीच एक वर्चुअल युद्ध छिड़ जाता है, जो कई बार राजनीतिक मर्यादाओं की सीमा को भी लांघने लगता है। डिजिटल जंग का दूसरा सबसे बड़ा और धारदार आधार कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली और व्यक्तिगत आक्षेप हैं, जिन्हें दोनों नेता अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए मुख्य हथियार बना रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी हर सभा और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सपा के पुराने शासनकाल को गुंडाराज, माफिया राज और तुष्टीकरण की पराकाष्ठा के रूप में चित्रित करते हैं, वहीं वे समाजवादी पार्टी को परिवार का सिंडिकेट करार देते हुए यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि इस पार्टी की पूरी धुरी केवल एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। इसके विपरीत, अखिलेश यादव सोशल मीडिया पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले को आगे बढ़ाते हुए मौजूदा सरकार पर तानाशाही,बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ और भेदभावपूर्ण प्रशासनिक कार्रवाई के गंभीर आरोप मढ़ते हैं। अखिलेश यादव अक्सर मुख्यमंत्री के दौरों, उनके भाषणों के तेवर और प्रशासनिक कदमों पर सवाल उठाते हुए तीखे व्यंग्य भरे पोस्ट करते हैं, जिनका सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता और खुद मुख्यमंत्री आंकड़ों और तीखे बयानों के साथ पलटवार करते हैं।

**-अजय कुमार,** लखनऊ
मो.- 9335566111

# स्वाद के साथ सेहत का भी ध्यान रखें!

नेचर मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित शोध में पाया गया कि चालीस की उम्र में स्वस्थ भोजन करने से आपको 70 की उम्र में मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने में मदद मिल सकती है। हालांकि, पोषण के मामले में कोई एक नियम हर किसी पर लागू नहीं होता। क्लिनिकल डायटिशियन फियोना संपत का कहना है कि हर व्यक्ति की पोषण संबंधी जरूरतें उसकी उम्र, लिंग, नींद की आदतों, पाचन की स्थिति और शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करती हैं। ऐसे में इस साल आपका ध्यान केवल कैलोरी गिनने पर नहीं, बल्कि भोजन की गुणवत्ता और सही समय पर खाना खाने पर होना चाहिए। नियमित समय पर भोजन करना, दिन भर में प्रोटीन को संतुलित तरीके से लेना और भोजन के बीच बहुत लंबे अंतराल से बचना, सेहत व आपके मेटाबॉलिज्म दोनों के लिए ही फायदेमंद है।

**नींद और पानी :** अच्छी सेहत के लिए पर्याप्त नींद लेना, नियमित व्यायाम करना, सही मात्रा में पानी पीना और साबुत अनाज को अपने आहार में शामिल करना आपके लिए खास जरूरी है। वहीं मीठे, अल्ट्राप्रोस्सेड खाद्य पदार्थों और शराब का सेवन इस उम्र में जितना कम किया जाए, उतना ही बेहतर है।

**प्रोटीन और रेशेदार खाद्य :** प्रोटीन और फाइबर में सही संतुलन भी इस उम्र में खास जरूरी है। इस बाबत हेल्थिफाई की क्लिनिकल प्रोग्राम्स डायरेक्टर डॉ. पूनम शर्मा का कहना, 'हर भोजन की शुरूआत किसी अच्छे प्रोटीन स्रोत से करनी चाहिए। इसके लिए चिकन, अंडे, टोफू, दालें, मछली, ग्रीक योगर्ट, पनीर या कम वसा वाला मांस अच्छा विकल्प हो सकता है। दरअसल, प्रोटीन पेट भरा हुआ महसूस कराता है, बिना जरूरत के बार-बार खाने की आदत को कम करता है और दिन भर बेहतर खाने में मदद करता है। फाइबर पाचन को बेहतर बनाता है और ऊर्जा के स्तर को स्थिर रखने के साथ-साथ अनावश्यक खाने की इच्छा को भी कम करता है। दही या प्रोटीन शेक में बेरीज आदि मिलाने से आपके नाश्ते की पोषकता बढ़ जाती है।'



**धीरे खाएं, समझकर खाएं :** कल्ट की पोषण विशेषज्ञ मधुरा पी. बेहकी का कहना है कि सेहतमंद रहने के लिए सिर्फ क्या खाते हैं, यह ही नहीं, बल्कि कैसे खाते हैं, यह भी जानना उतना ही जरूरी है। अपने खाने को बस जल्दबाजी में निपटाने के बजाय शोर-शराबे और स्क्रीन से दूर बैठकर पूरा ध्यान भोजन पर लगाएं। कई बार हमें भूख नहीं, बल्कि प्यास लगती है, जिसे हम समझ नहीं पाते, और कुछ न कुछ मंच करते रहते हैं। ऐसे में खाने से पहले थोड़ा पानी पीना और दिन भर शरीर में पानी की कमी न होने देना बहुत मददगार साबित हो सकता है। यह छोटी-सी आदत न सिर्फ जरूरत से ज्यादा खाने से बचाती है, बल्कि पाचन को भी बेहतर बनाती है।

**हल्का भोजन करें :** फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम की क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट दीप्ति खातूजा का मानना है कि दिन भर शरीर की ऊर्जा बनाए रखने के लिए थोड़ी-थोड़ी देर में हल्का भोजन करना सबसे सही तरीका है। मुख्य भोजन के बीच-बीच में आप हेल्दी स्नैक्स ले सकते हैं, मगर वो ऐसे स्नैक्स हैं, जो फाइबर और प्रोटीन से भरपूर हों। इससे न केवल एनर्जी बनी रहती है, बल्कि अचानक लगने वाली तेज भूख व अनहेल्दी खाने की चाहत भी कम होती है। जहां तक संभव हो, घर पर बना ताजा भोजन ही खाएं। बाहर का प्रोसेस्ड खाना भले ही स्वाद में लुभावना लगे, लेकिन लंबे वक्त में वही सेहत को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।

# आज का युवा पश्चिमी सभ्यता के कारण भारतीय संस्कृति को भूलता जा रहा : मुकुल कानिटकर

## धामपुर में युवा सेमिनार का आयोजन


**धामपुर ( चिंगारी )।** शेरकोट मार्ग स्थित राजपूताना रिसॉर्ट में बुधवार को युवाओं को भारतीय सभ्यता,संस्कृति, परंपरा और रीति रिवाज के संबंध में जानकारी देने के लिए Youth Summit Council का आयोजन किया गया सेमिनार में नागपुर से पधारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रचार टोली के सदस्य मुकुल कानिटकर ने कहा कि आज का युवा पश्चिमी सभ्यता और संस्कृति के कारण भारतीय जीवन मूल्य और परंपराओं को भूलता जा रहा है। उ

न्होंने कहा कि अमेरिका से विदा हो चुकी गुलामी मानसिकता को अब भारत के युवाओं ने अपना लिया है और जेन जी, जेन अल्फा, जेन बीटा जैसे अमेरिकी शब्दों में उलझ कर युवा अपने मार्ग से भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपनी वेशभूषा, खान-पान, रहन-सहन भारतीय परंपरा के अनुसार करेंगे तो उनका जीवन खुशहाल रहेगा। आज युवा चाऊमीन, बर्गर, पिज़्ज़ा जैसे व्यंजन खाकर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा है। सेमिनार का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। राजपूताना रिजॉर्ट के मुख्य द्वार से सभा स्थल तक भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, वीर सावरकर ,डॉ भीमराव अंबेडकर, अहिल्याबाई होलकर, खुदीराम बोस, स्वामी विवेकानंद के चित्र के साथ उनके उद्बोधन भी लगे हुए थे। सेमिनार के आयोजन में डॉक्टर हेमेंद्र सिंह, हिमांशु, प्रिन्स कुमार, प्रशान्त कुमार, शलभ त्यागी, रूपेश कुमार, अभिषेक कुमार, अक्षत देवरा, ऋषभ, अभय प्रताप, अक्षय वर्मा, अंकित राणा, दीपाशु ठाकुर, सचिन गौड, पार्थ, कमलजीत, उत्कर्ष सुन्दरपुर, धामपुर, हिमाशु चौधरी, का विशेष योगदान रहा। सेमिनार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक मनुदेव मानव, जिला प्रचार प्रमुख प्रखर अग्रवाल,पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती लीना सिंघल, आशीष सिंघल, डॉ. बीके सिंह सहित भारी संख्या में युवा शामिल रहे।



सेमिनार में विचार व्यक्त करते हुए मुकुल कानिटकर।

# स्क्वैश में धामपुर के भाई-बहन ने सफलता का परचम लहराया




**धामपुर ( चिंगारी )।** दिल्ली में 24 अगस्त से आयोजित स्क्वैश स्ट्रीम ओपन 2026 में धामपुर के भाई-बहन युशा नफीस और फबिहा नफीस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी श्रेणियों में बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। युशा ने जूनियर खिलाड़ी होने के बावजूद सीनियर वर्ग का पीएसए सेटेलाइट खिताब जीतकर इतिहास रच दिया, जबकि फबिहा ने अंडर-17 गर्ल्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

पुरुष वर्ग के फाइनल में युशा नफीस का सामना गुरवीर सिंह से हुआ। बेहद रोमांचक मुकाबले में युशा ने गुरवीर को 3-2 से हराकर पीएसए सेटेलाइट चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। स्क्वैश में पीएसए सेटेलाइट एक प्रतिष्ठित खिताब माना जाता है। फाइनल में युशा ने पहला गेम 11-8 से जीता, दूसरा 10-12 से गंवाया, तीसरा 11-4 से अपने नाम किया। चौथे गेम में 7-11 से हार के बाद निर्णायक पांचवें गेम में युशा ने शानदार वापसी करते हुए 11-5 से जीत दर्ज की।

युशा की बहन फबिहा नफीस ने भी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 गर्ल्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया। सेमीफाइनल में फबिहा ने अन्या सूद को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मुकाबले में फबिहा ने 11-7 से पहला गेम जीता, दूसरा 7-11 से गंवाया, लेकिन तीसरे गेम में 13-11 की रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद चौथा गेम 11-1 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में फबिहा का मुकाबला काशवी मंगल से हुआ। फबिहा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबला 3-1 से जीत लिया। उन्होंने पहला गेम 11-5 से जीता, दूसरा 5-11 से गंवाया, लेकिन इसके बाद लगातार दो गेम 11-9 और 11-4 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

### बहुत बड़ी उपलब्धि धामपुर के लिए गौरव की बात

**एक ही प्रतियोगिता में भाई युशा नफीस का सीनियर पीएसए सेटेलाइट चैंपियन बनना और बहन फबिहा नफीस का अंडर-17 चैंपियन बनना धामपुर के लिए गौरव की बात है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर परिवार, प्रशिक्षकों और धामपुर के खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। इन दोनों खिलाड़ियों की जीत पर शुगर मिल धामपुर में कार्यरत पिता नफीस अहमद व धामपुर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने मुबारकबाद पेश की।**

# खवासन नदी पर झूला पुल निर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विधायक बैठीं धरना देकर

**आमरण अनशन की चेतावनी दी**

**चिड़ियापुर/लालढांग ( चिंगारी )।** लालढांग खवासन नदी पर झूला पुल निर्माण की मांग को लेकर राजनीति गरमा गई है। बुधवार को हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने ग्रामीणों के साथ खवासन नदी में सांकेतिक धरना दिया और सरकार को चेतावनी दी। धरना देने से पहले विधायक अनुपमा रावत और उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव गुरजीत लहरी ने मां काली मंदिर पहुंचकर माथा टेका। इसके बाद काली मंदिर प्रांगण से विधायक अनुपमा रावत के नेतृत्व में पैदल रैली निकालकर सभी कार्यकर्ताओं ने खवासन नदी पर पहुंच कर जोर दार नारे लगाकर सांकेतिक धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए अनुपमा रावत ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर झूला पुल की फाइल को दबाकर बैठी है और अभी तक शासन से वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यदि 10 दिनों के अंदर झूला पुल निर्माण का शासनादेश नहीं आता तो वह स्वयं निर्माण स्थल पर आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगी। उन्होंने राज्य सरकार पर लालढांग क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाया। वहीं कांग्रेस के प्रदेश सचिव गुरजीत लहरी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा लालढांग क्षेत्र की उपेक्षा की है। 2022 में इस पुल के निर्माण के लिए टेस्टिंग बजट जारी हो गया था, लेकिन 9 करोड़ की लागत से बनने वाले झूला पुल के निर्माण को आज तक शासन से अनुमति नहीं मिल सकी है, जो सत्ता और सरकार की कार्यशैली को दर्शाता है। गौरतलब है कि पिछले दिनों स्कूली छात्र आर्यन भट्ट की खवासन नदी में बहने से हुई मौत के बाद से खवासन नदी पर झूला पुल की मांग फिर से तेज हो गई है। इस मौके पर रंजनदीप संधू, करमजीत खैरा, बलराज संधू, संदीप लहरी, टीकाराम सैनी, शैलेन्द्र पाठक, हकीमुल्ला उस्मानी, इरशाद भडाना, यूसुफ गुर्जर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कान्हा की छठी धूमधाम से मनाई



**धामपुर ( चिंगारी )।** मुन्ना देवी मंदिर स्थित शिव शक्ति केंद्र पर गत वर्षो की तरह कान्हा की छठी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम द्वारा नृत्य और लघु नाटिका द्वारा कान्हा के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम पेश करने वालों में कार्तिक, आयुष, यीशु, प्रियांश, राघव, रिया, अनु द्वारा राधा कान्हा का नृत्य और डॉक्टर चंद्रकला भागीरथी द्वारा शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन एम एस भागीरथी द्वारा किया गया। अंत में कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित किया गया।



# 15 सितम्बर से 18 अक्टूबर तक चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान'



**देहरादून ( चिंगारी )।** आगामी 15 सितंबर से 18 अक्टूबर, 2026 तक व्यापक स्तर पर 'सेवा संकल्प अभियान' का आयोजन किया जाएगा। 'सेवा संकल्प अभियान' का मूल उद्देश्य सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों के साथ आम नागरिकों को सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में रेखीय विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार और जनभागीदारी पर केंद्रित इस महत्वाकांक्षी अभियान की रूपरेखा तैयार कर रेखीय विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान 'भारत 2047', 'सेवा और सपना', 'नमो 25 गाथा', 'आंगन का उत्सव', '25 साल-25 कहानियां' और 'जन कल्याण संवाद' जैसे विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत शिक्षण संस्थानों में 'विकसित भारत' की थीम पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि 'नमो 25 गाथा' के अंतर्गत प्रेरणादायी बहुभाषी नाटकों का मंचन किया जाएगा।

अभियान के पहले चरण में सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, नगर निकायों, अस्पतालों, धार्मिक स्थलों और ग्राम पंचायतों में सघन स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन एवं कृतित्व से जुड़ी पुस्तकों का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### उत्तराखंड की विकास गाथा का होगा प्रदर्शन

रंगोली राष्ट्र (17 सितंबर)-विशाल रंगोलियों के जरिए भारत और उत्तराखंड की सांस्कृतिक व विकास यात्रा को जीवंत किया जाएगा। प्रगति के 25 स्तंभ (7 से 17 अक्टूबर)-प्रोजेक्शन मैपिंग, लाइट शो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से केदारनाथ-बदरीनाथ पुनर्निर्माण, मानसखंड मंदिर माला मिशन, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, लखवाड़ और जमरानी बांध जैसी प्रमुख परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

# श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व प्रारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरुवार से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का तीन दिवसीय प्रकाश पर्व प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर प्रचारक ज्ञानी जसवीर सिंह खालसा ने आह्वान किया कि गुरुओं के उपदेशों और गुरुवाणी के संदेशों को आधार बनाकर गुरमत के अनुरूप जीवन से संबंधित सभी प्रकार के कार्य करने का संकल्प लें। गुरुद्वारा के दीवान हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के तीन दिवसीय अखंड पाठ की शुरुआत से किया गया। उक्त अखंड पाठ आगामी 12 सितंबर तक चलेगा। 11 सितंबर को दरबार साहिब अमृतसर से आने वाला भाई महिपाल सिंह खालसा जी का हुजूरी रागी जत्था धामपुर पहुंच जाएगा, जो 11 सितंबर की रात्रि और 12 सितंबर की प्रातः गुरुवाणी के अमोलक कीर्तन की प्रस्तुतियों से संगत को लाभान्वित करेगा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक अरदास से हुआ। सरदार प्रीतपाल सिंह चावला, सरदार मंगत सिंह चावला, सरदार सुरजीत सिंह चावला, हनी चावला, हरजस चावला आदि का योगदान रहा।

# विकास के मुद्दे पर जनविश्वास हासिल करेगी भाजपा-भट्ट

## राज्य के चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करेगी भाजपा



**हल्द्वानी / देहरादून ( चिंगारी )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्य समिति को संबोधित करते हुए, कहा, आज हम सब 2027 में प्रचंड बहुमत से हैट्रिक लगाने के संकल्प के लिए एकत्र हुए हैं। और यह सब संभव होगा देवतुल्य कार्यकर्ताओं की क्षमता, ताकत और समर्पण से। इसके अतिरिक्त हमारे पास दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी हैं, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जैसे चुनावी प्रबंधक एवं रणनीतिकार हैं, प्रदेश में मुख्यमंत्री धामी का लोकप्रिय मार्गदर्शन है। ऐसे में अब हमारा एक ही लक्ष्य है 2027 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाना। ऐसी विजय जो राज्य के इतिहास में कभी नहीं हुई हो। जिसके लिए आने वाले महीनों में हमें हर वर्ग, हर जाति, हर समुदाय, हर क्षेत्र और घर-घर जनता का आशीर्वाद लेने जाना है।

उन्होंने कहा प्रदेश एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियां को जनता के बीच ले जाने में प्रत्येक कार्यकर्ता चलता फिरता रिपोर्ट कार्ड बनेगा। हमें झूठ भ्रम, अफवाह, जातिवाद क्षेत्रवाद जैसी नकारात्मक राजनीति करने वालों को भी लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देना है। हमें पूर्व की कांग्रेस सरकारों और भाजपा सरकारों में हुए विकास का तुलनात्मक पहलू जनता के बीच रखकर सकारात्मक राजनीति करनी है। विपक्ष की बंटवारे और षड्यंत्रकारी राजनीति का पर्दाफाश करते हुए रोजगार, विकास, महिला, किसान एवं जनकल्याण के मुद्दों पर जनता का विश्वास अर्जित करना है।

# मृत देह को ले जाने के लिए खरीदा जायेगा थ्री व्हीलर

### 'नर सेवा नारायण सेवा' ग्रुप ने चलाई मुहिम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शास्त्रों के अनुसार अर्थी को कंधा देना व चार कदम उसके पीछे चलना पुण्यकारी माना गया है। जिनके चार पुत्र होते थे, वे माता-पिता अत्यन्त शान से कहते थे कि चार कंधे तो हमारे घर के ही है। लेकिन वर्तमान में छोटे परिवारों के चलते व भागदौड़ वाले जीवन में कंधे देने वालों की संख्या कम रहने पर मृत देह को अंतिम यात्रा की बस तक पहुंचाने में कठिनाई आती है। दो से तीन किमी की दूरी तय करने में कुछ ऐसी ही बड़ी दिक्कतों का अनेक बार अनुभव किया जाता रहा है। जिनका निवारण करने का बीड़ा उठाने के लिए समाज के कुछ समर्पित व सक्रिय लोग आगे आये है। उन्होंने इस समस्या को ध्यान में रखते हुए एक थ्री व्हीलर खरीदने व उसमें मृत शरीर को ठीक प्रकार से रखने हेतु एक स्टील का स्टैण्ड बनवाने की योजना बनायी है। जिसका अनुमानित खर्च लगभग एक लाख 65 हजार बताया गया है। अपने इस पुनीत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सोशल मीडिया पर 'नर सेवा- नारायण सेवा' नाम का ग्रुप बना कर दो हजार रुपये प्रति दान दाता से एकत्र करने की मुहिम चलायी, जिसमें नगर के अनेक समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर लक्ष्य के वेहद करीब लाकर खड़ा कर दिया। ग्रुप से जुड़े सर्वश्री आमोक अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल (सेवानिवृत अभियंता), अरविंद अग्रवाल व देवेश अग्रवाल ने समस्त सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हम लक्ष्य के काफी करीब पहुंच गये है। यदि कोई सज्जन पुण्य के इस कार्य में सहयोग करना चाहता है तो इन मोबाइल नम्बरों- 9690003312, 9456246182, 9412855783, 9837015246 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# बालाजी मंदिर में मनाई गई श्रीकृष्ण की छठी



पूजन कराते हुए यजमान।

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य बाजार धामपुर में श्री कृष्ण जी की छठी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर यजमान गौरव कुमार, प्रिया, प्रणव कुमार, पुनीत अग्रवाल, श्रीलक्ष्मी नारायण अग्रवाल रहें। मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ अमित कुमार गिरि ने श्रीकृष्ण की आरती कराकर राधा कृष्ण जी को उड़द चावल, कढ़ी, हलवे का भोग लगाया। बाद में कन्या पूजन कराकर उन्हें भोजन कराया गया। इस अवसर पर मंदिर की पुजारिन पूनम गिरि, महंत आदित्य गिरि, स्नेहा गिरि, आशा देवी, मीनू, गोपाल सैनी, आकाश जोशी, विशाल कारीगर, अवनीश, दक्ष, शिल्पी देवी, सुनीता देवी, सोनी, मंजू किरण, रोहित, दीपक, गजेंद्र सिंह, राजू सैनी, मिस्टी, नितिन चौहान सहित अनेक दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 11 सितम्बर 2026**

**मेष-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, पारिवारिक वातावरण में सुखशांति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, उत्तरदायित्व के निभाने हेतु व्यय, धनागम का सुअवसर।

**वृषभ-** आज रात्रि 7/09 बजे तक समय असंतोषजनक, लाभ में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, विवाद भी, शेष समय मित्रों से गलतफहमी दूर होने को।

**मिथुन-** आज रात्रि 7/09 बजे तक समय बेहतर, आत्मबल से कार्यसिद्धि, व्यापार में लाभ, शेष समय प्रतिकूल, कष्ट, हानि, विवाद एवं भाग्य में उलझनें सम्भव, सजगता जरूरी।

**कर्क-** समय बेहतर मनोवांछित सफलता का सुयोग, मंगल आयोजन सम्पन्न, पारिवारिक खुशी, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आमोद प्रमोद की ओर रुझान।

**सिंह-** दिनमान अनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, मित्रों-परिजनों से अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति, विरोधी पराभूत, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

**कन्या-** आज रात्रि 7/09 बजे तक प्रतिकूलता, मित्रों-स्वजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, शेष समय सफलता में सहायक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, धर्म अध्यात्म में आस्था।

**तुला-** आज रात्रि 7/09 बजे तक योजना साकार होने की ओर, इच्छित पद की प्राप्ति, धनागम भी, शेष समय कष्टकर, स्वास्थ्य विपरीत, साझेदारी के व्यापार में हानि।

**वृश्चिक-** स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, जीवन साथी से सहयोग, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, सुख के साधन सुलभ।

**धनु-** उन्नति का सुअवसर, मनोरंजन की ओर रुझान, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ का मार्ग प्रशस्त, यात्रा सकुशल।

**मकर-** आज रात्रि 7/09 बजे तक लाभ का मार्ग अवरुद्ध, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, शेष समय उन्नतिकारक, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, आर्थिक उन्नति।

**कुम्भ-** आज रात्रि 7/09 बजे तक कुछेक कार्य बनने से खुशी, कठिनाइयों में कमी का एहसास, वाहन से सुख, शेष समय व्यापारिक प्रगति में बाधा, द्रव्य की क्षति।

**मीन-** योजना साकार होने की ओर, आनन्द की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, अध्यात्म में आस्था, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722

# दोहरे हत्याकांड में रफ़ीक को उम्रकैद

## द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाया फैसला, 60 हजार रुपये अर्थदंड

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद थाना क्षेत्र के साहनपुर के चर्चित दोहरे हत्याकांड में करीब 14 साल बाद अदालत ने एक अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश डा. शहजाद अली ने अभियुक्त रफीक को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 201 के तहत तीन वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अदालत ने अर्थदंड की पूरी राशि पीड़ित परिवार को दिलाए जाने के भी आदेश दिये हैं।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार शर्मा के अनुसार 15 फरवरी 2012 की रात साहनपुर निवासी बुंदू के दोनों बेटे जाकिर और सलमान घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अगले दिन दोनों के शव अलग-अलग गन्ने के खेतों से बरामद हुए थे। जाकिर की मोटरसाइकिल भी खून से सनी हालत में मिली थी।

### 53 हजार के लेनदेन को लेकर चल रही थी रंजिश

बुंदू साहनपुर में बर्तनों की दुकान चलाते थे। उनके भाई इदरीश का बेटा सलाउद्दीन जाकिर के साथ रहता था और उसने जाकिर से करीब 53 हजार रुपये उधार ले रखे थे। रकम वापस मांगने को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। अभियोजन के अनुसार इसी रंजिश में सलाउद्दीन



सजा सुनने के बाद कोर्ट से बाहर आता रफीक

ने अपने साथियों के साथ मिलकर जाकिर और सलमान की हत्या की थी। शुरुआत में बुंदू ने पवन और माजिद पर शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि विवेचना के दौरान पुलिस ने उनकी नामजदगी को गलत पाया। जांच आगे बढ़ने पर सलाउद्दीन, गुड्डू उर्फ जाकिर और रफीक को अभियुक्त बनाया गया।

### मोबाइल और खून लगा चाकू बने अहम साक्ष्य

मामले में अभियोजन की ओर से 10 गवाहों के साथ 28 अभिलेखीय और 12 भौतिक साक्ष्य पेश किए गए। इनमें 28 फरवरी 2012 को गुड्डू के घर की अलमारी से बरामद जाकिर का मोबाइल फोन और 18 अप्रैल 2012 को रफीक की निशानदेही पर झाड़ियों से बरामद खून लगा चाकू प्रमुख साक्ष्यों में शामिल रहे। गवाह अय्यूब ने अदालत में बयान दिया कि घटना वाली रात करीब 10 बजे उसने ईदगाह के पास तालाब पर अभियुक्तों को जाकिर की मोटरसाइकिल से जाते देखा था। वहीं, चिकित्सक डॉ. ज्ञानचंद्र ने दोनों शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को प्रमाणित किया।

### पीड़ित परिवार को प्रतिकर देने पर अदालत ने दिया जोर

**निर्णय के दौरान न्यायालय ने पीड़ित परिवार को प्रतिकर दिए जाने को भी महत्वपूर्ण माना। अदालत ने कहा कि विशेष न्यायालयों द्वारा कई बार पीड़ितों को प्रतिकर दिलाने के निर्देश नहीं दिए जाते, जो न्याय की दृष्टि से उचित नहीं है। मामले में अभियुक्त सलाउद्दीन और गुड्डू उर्फ जाकिर की पत्रावली अलग कर दी गई है। वहीं रफीक को दोषी ठहराते हुए अदालत ने दोनों धाराओं में कुल 60 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है जिसकी संपूर्ण राशि पीड़ित परिवार को दिए जाने के आदेश किए गए हैं।**

# बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह रालोद में शामिल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी में करीब 16 वर्षों तक जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके राजेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में भरोसा जताते हुए रालोद में शामिल होने का निर्णय लिया। मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के सामने राजेन्द्र सिंह ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उ.प्र. सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार भी मौजूद रहे। राजेंद्र सिंह के रालोद में शामिल होने को जिले की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय तक बसपा में संगठन की जिम्मेदारी संभालने के कारण उनका जिले के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में व्यापक संपर्क माना जाता है। उनके रालोद में आने से पार्टी को संगठनात्मक स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# श्यामलाल पाल पर टिप्पणी को लेकर सपा कार्यकर्ताओं में रोष



बैठक को संबोधित करते हुए डा. रमेश तोमर

## जिला कार्यालय पर हुई बैठक में जताई नाराजगी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के प्रति एक पूर्व सांसद मलूक नागर द्वारा की गई अपमानजनक एवं आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गहरा रोष जताया गया। बैठक में वक्ताओं ने टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की।

बैठक की अध्यक्षता नैनसिंह पाल ने की, जबकि संचालन विजय पाल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सपा के प्रदेश सचिव डॉ. लाखन सिंह पाल ने कहा कि श्यामलाल पाल प्रदेश अध्यक्ष होने के साथ पाल समाज के सम्मानित नेता हैं। उनके प्रति की गई अमर्यादित टिप्पणी से पाल समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध और वैचारिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन किसी व्यक्ति या समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली भाषा स्वीकार नहीं की जा सकती।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर, जिला महासचिव धनंजय सिंह यादव, प्रवक्ता अखलाक पप्पू, महिला जिलाध्यक्ष प्रभा चौधरी, कोषाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, भुवनेश्वर पाल, संजय पाल, मुकेश पाल, राजाराम पाल, देवानन्द भूईयार, डॉ. वीरेंद्र पाल, मगन पाल, एलपी पाल, धर्मपाल, महेंद्र पाल, शीशम पाल, देशवीर पाल, सुरेंद्र वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# चोरी की दो बाइकें बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** दो दिन पूर्व थाना रेहड़ व कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र से चोरी हुई दो स्पलेंडर मोटरसाइकिलों को अपने-अपने क्षेत्र से थाना रेहड़ व अफजलगढ़ पुलिस ने बरामद करते हुए चोरी के आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। जनपद मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम डांडीदुर्जन निवासी पप्पू पुत्र रतन सिंह ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना-पत्र में अवगत कराया था कि बीते 5 सितंबर को उसके गांव के सचिन नामक युवक का बादीगढ़-कल्लूवाला मार्ग पर दुर्घटना में निधन हो गया था, जिसे देखने के लिए वह बाइक द्वारा आया हुआ था कि इसी बीच उसकी स्पलेंडर मोटरसाइकिल चोरी हो गई। रेहड़ थाना



प्रभारी राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि इस बाबत मुकदमा दर्ज कर मोटरसाइकिल की बरामदगी के प्रयास के परिणामस्वरूप हरजीत पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम रानी नांगल थाना रेहड़ को चोरी हुई स्पलेंडर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उधर, कोतवाल अफजलगढ़ मृदुल कुमार सिंह के मुताबिक क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर आबाद निवासी राजिद उर्फ काले उर्फ हनीफ की स्पलेंडर मोटरसाइकिल अगवानपुर में प्रेमचंद शर्मा के खेत के पास से चोरी हो जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वाहन चैकिंग के दौरान चोरी हुई मोटरसाइकिल सहित दो आरोपियों शाहनवाज पुत्र यामीन निवासी बिरला फार्म व अमन पुत्र यासीन निवासी ग्राम जिकरीवाला थाना अफजलगढ़ को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है।

# चोरी के जेवरों की तलाश में मवाना पुलिस की सर्राफ़ा बाज़ार में दबिश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** चोरी के एक मामले की जांच के सिलसिले में मवाना पुलिस ने बुधवार को बिजनौर के सर्राफा बाजार स्थित एक ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। पुलिस ने यहां से कथित तौर पर चोरी के मामले में गिरवी रखे गए सोने के कुंडल और पाजेब बरामद किए। कार्रवाई के बाद सर्राफा बाजार में चर्चा का माहौल रहा।

सूत्रों के अनुसार बुधवार को मवाना पुलिस ने शहर कोतवाली के गांव बड़कला निवासी कथित आरोपी के घर पर दबिश दी थी। बताया जाता है कि आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगा, जबकि पुलिस उसके परिवार के दो सदस्यों को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान दोनों युवकों ने पुलिस को जानकारी दी कि चोरी किए गए जेवरात बिजनौर के सर्राफा बाजार स्थित एक ज्वैलर्स के यहां गिरवी रखे गए हैं। इसके बाद मवाना पुलिस दोनों युवकों को साथ लेकर सर्राफा बाजार स्थित संबंधित ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान पर पहुंची। सूत्रों के मुताबिक ज्वैलर्स ने पुलिस को गिरवी रखे सोने के कुंडल और पाजेब पुलिस को सौंप दिये। पुलिस मामले की जांच कर रही है और बरामद जेवरात के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हालांकि बिजनौर पुलिस मवाना पुलिस की छापामारी से इनकार कर रही है। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि मवाना पुलिस ने शहर कोतवाली में कोई आमद नहीं कराई है, न ही किसी को हिरासत में लेने की जानकारी है।

# पैजनिया में ओवरफ्लो तालाब के पानी से फैली बीमारी, ग्रामीणों ने प्रधान का किया घेराव

**पैजनिया ( चिंगारी )।** नूरपुर ब्लॉक के गांव पैजनिया में तालाब के ओवरफ्लो पानी की निकासी न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। तालाब का गंदा पानी गलियों और घरों में भरने से बुखार सहित संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं, जिससे कई लोग बीमार होकर तप रहे हैं। इसी समस्या को लेकर बुधवार को गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने पैजनिया चौराहे पर ग्राम प्रधान नंदकिशोर फौजी का घेराव कर दिया। ग्रामीणों में सचिन, हैप्पी त्यागी, हर्ष त्यागी, राहुल त्यागी, संजय त्यागी, गोविंद सैनी, बीडीसी सदस्य मोहित त्यागी, जागेश सैनी, पप्पू त्यागी, छोरे सैनी आदि शामिल रहे। इस दौरान ग्रामीणों और ग्राम प्रधान के बीच पानी की निकासी को लेकर तीखी नोक-झोंक भी हुई। मामले की जानकारी मिलते ही खंड विकास अधिकारी नूरपुर के निर्देश पर पंचायत सेक्रेटरी सलमान खान मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया और शीघ्र ही पानी की निकासी कराए जाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा तालाब के पानी की निकासी को बंद किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी नूरपुर दिनेश पाल शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की तालाब के पानी की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर तत्काल समाधान किया जा रहा है। वहीं पंचायत सेक्रेटरी सलमान खान ने बताया कि जेसीबी मंगवाकर नूरपुर-मुरादाबाद मार्ग पर अटी पड़ी पुलिया को खुलवाया जाएगा, जिससे तालाब के ओवरफ्लो पानी की निकासी सुनिश्चित हो सकेगी।

# आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान जारी


आवारा कुत्तों को पकड़कर ले जाते संस्था के कर्मचारी।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** चेयरपर्सन शबनम नाज़ के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा चलवाए जा रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार को नगर के अलग-अलग मुहल्लों से 20 आवारा कुत्तों को पकड़वाया गया। टीम सभी कुत्तों को नसबंदी और एंटी रैबीज लगाने के लिए अपने साथ बिजनौर ले गई। विदित हो कि पिछले कुछ माह से नगर में कुत्तों का आतंक बढ़ने और मुहल्लों में झुंड बनाकर घूमने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुत्तों की बढ़ती संख्या व काटने की हो रही घटनाओं को देखते हुए पालिकाध्यक्ष शबनम नाज़ द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़वाने का कार्य कराया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज अलग अलग स्थानों से 20 आवारा कुत्तों को पकड़वाया गया। कुत्ते पकड़ने वाली टीम सभी कुत्तों को अपने वाहन में बंद कर नसबंदी और एंटी रैबीज आदि लगाने हेतु अपने कार्यालय बिजनौर ले गई। चेयरपर्सन शबनम नाज़ ने बताया कि आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए पालिका द्वारा निरंतर कुत्ते पकड़वाने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया बिजनौर कि आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम आवारा कुत्तों को पकड़ने का काम कर रही है। उन्होंने बताया अब तक 146 कुत्तों को पकड़वा जा चुका है। सभी कुत्तों को नियमानुसार नसबंदी, एंटी रैबीज वेक्सीन लगाने व अन्य उपचार के बाद पुन: पकड़े गए स्थान पर लाकर छोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनता को आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए चलाया जा रहा ये अभियान जारी रहेगा।

# चकरोड में गड्ढे खोदवाकर कब्जा करने की साजिश

## अधिकारियों से अतिक्रमण रोकने की मांग की



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज कुछ लोगों ने अधिकारियों को अवगत कराया कि /ग्राम रसूलपुर पिरथी में जीतमल देवता के बराबर में एक चकरोड हाइवे की ओर जा रही है। उसके बराबर में खसरा नं. 226 कल्याण सिंह पुत्र श्री लाल सिंह का खेत है। कल्याण सिंह ने अपने खेत के चकरोड पर अतिक्रमण करने की नीयत से गड्ढे खुदवा दिए हैं। जिसमें वहां पर पिलर लगाकर तार बंधवाकर उसको अपने खेत में मिला सके। अगर वह ऐसा करने से सफल हो जाता है तो यह चकरोड छोटी हो जाएगी और इस पर टैंकर, ट्राली आदि के आने जाने से परेशानी हो जाएगी। इसके साथ ही खसरा नं. 229 ग्राम सभा का है। जिसमें कल्याण सिंह टॉवर लगवाकर किराया वसूल कर रहा है। आठ साल से किराया वसूल करने की जानकारी हुई है। चकरोड पर अतिक्रमण तथा टॉवर हटवाने की मांग की गई।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# मेला समिति ने थानाध्यक्ष की सराहना की


पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ क्षेत्र के खैराबाद में 5 दिन पूर्व लगे दो दिवसीय म्हाढ़ी मेले व 2 दिन पूर्व रेहड़ में लगे मशहूर नौमी मेले में महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, युवतियों एवं बच्चों की भारी संख्या में मौजूदगी के बावजूद यह दोनों प्रसिद्ध मेले शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मेला समिति व क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने रेहड़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। म्हाढ़ी मेले के मुख्य आयोजक/संबंधित ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर के निवर्तमान ग्राम प्रधान/प्रशासक मितान सिंह, भाजपा (किसान मोर्चा) के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, मेघनाथ सिंह आदि ने मेलों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी की सक्रियता को सराहा और कहा कि इतने बड़े जन सैलाब के बावजूद सब कुछ शांतिपूर्ण संपन्न होने में उनका अहम रोल रहा जो काबिल-ए-तारीफ है।

# श्री मुक्तेश्वर नाथ मंदिर में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण छठी उत्सव


श्री कृष्ण छठी उत्सव के मौके पर पूजा अर्चना कराते पंडित विपिन चंद्र त्रिपाठी।

**नगीना ( चिंगारी )।** बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ में बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन किया गया। पंडित विपिन चंद्र त्रिपाठी ने मंदिर कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल और सभासद गोपाल शर्मा की उपस्थिति में पूजा-अर्चना संपन्न कराई। हवन के बाद भगवान श्रीकृष्ण को कढ़ी-चावल का भोग लगाया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।भंडारे में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# गजरौला में गरीब का कच्चा आशियाना भरभराकर गिरा



**गजरौला ( चिंगारी )।** सिस्टम की लापरवाही और गरीब की मजबूरी की एक दर्दनाक तस्वीर सामने आई है। ग्राम गजरौला शिव के निवासी अनिल कुमार पुत्र मंगू सिंह का कच्चा मकान बारिश के कारण जमींदोज हो गया। देखते ही देखते पूरा घर मलबे में तब्दील हो गया। मलबे में दफन हो गई गृहस्थी हादसे के वक्त घर में रखा खाने-पीने का सारा सामान, कपड़े और अनाज का बोरसा मिट्टी में दब गया। गेहूं से भरी टंकी में पानी भर गया, जिससे महीनों का अनाज सड़ गया। पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। गनीमत रही कि हादसे के समय घर के सभी लोग समय रहते सुरक्षित जगह पर निकल गए, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी। गांव वालों ने मानवता दिखाते हुए मलबे से कुछ सामान निकाल कर मदद की, लेकिन सवाल ये है कि पिछले 15 साल से इस गरीब परिवार की तरफ न तो ग्राम प्रधान ने देखा, न ही किसी अधिकारी ने। न आवास मिला, न कोई सरकारी मदद। पीड़ित अनिल कुमार का कहना है कि कई बार गुहार लगाई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला। अगर समय रहते कॉलोनी या मदद मिल जाती तो आज ये दिन न देखना पड़ता।

## प्रशासन से सवाल

**15 साल से कच्चे मकान में रह रहे गरीब को आवास योजना का लाभ क्यों नहीं मिला? बारिश से पहले कच्चे मकानों का सर्वे क्यों नहीं किया गया? अब जब परिवार बेघर हो गया है तो प्रशासन कब जागेगा? ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तुरंत मुआवजा, राशन और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिया जाए।**

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी घायल

## आठ माह की मासूम बच्ची सकुशल बची

**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां मुरादाबाद मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर भट्टे के पास बुधवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी के दाएं पैर में फैक्चर हो गया। हादसे में मृतक की आठ माह की पुत्री सकुशल बच गई। जानकारी के अनुसार कितांशु (24) अपनी पत्नी प्रिया (22) व



सड़क हादसे में घायल महिला।

आठ माह की पुत्री के साथ अपनी ससुराल गढ़ी (नहटौर) से घर वापस अपने गांव कुरी रवाना (छजलैट) जा रहा था। सैदपुर भट्टे पर उसकी बाइक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि गम्भीर रूप से घायल उसकी पत्नी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई शिवशक्ति की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध तेजगति व लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने घटना की पुष्टि की है।

# ससुर को छोड़कर लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर-मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम सैदपुर माफी के पास सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना निवासी अंकित (24) पुत्र राजपाल सिंह के तीन वर्षीय पुत्र का बुधवार की शाम जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन के कार्यक्रम में उसकी ससुराल से कुछ रिश्तेदार आए हुए थे। कार्यक्रम समापन के बाद अंकित अपने ससुर को बाइक द्वारा पास के गांव सैदपुर माफी छोड़ने गया था। घर वापस लौटते समय सामने से आ रही बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। घायल अंकित को परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नूरपुर लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के एक बेटा व एक तीन माह की बेटी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक अंकित का फ़ाइल फ़ोटो।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# चार साल में भी नहीं हुआ सड़क का चौड़ीकरण

## शिवसेना ने दी आंदोलन की चेतावनी

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए तहसील पहुंचे तथा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि फादरसन पब्लिक स्कूल (बिजनौर रोड)से जेपी पब्लिक स्कूल (धनौरा रोड) तक की सड़क का चौड़ीकरण का कार्य लगभग 4 वर्ष पूर्व शुरू हुआ था, जिसके लिए सड़क की दोनों ओर की स्लाइडों को उखाड़ दिया गया था, लेकिन आज तक भी सड़क का चौड़ीकरण का कार्य पूरा न होने से आयेदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें अनेक लोगों की मौत हो चुकी है तथा बड़ी संख्या में लोग घायल हो चुके हैं। ज्ञापन में सड़क का चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र पूरा न कराये जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, जिला महामंत्री शोभित गुर्जर, जितेन्द्र सिंह, बंटी शहरावत, पुलकित त्यागी, डा. दिनेश कुमार, तहसील अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, प्रियांशु, भूपेन्द्र सिंह,नरेश कुमार, अरूण सैनी, कमल, अंकित कुमार व रितिक आदि मौजूद रहे।



# अब बुके की जगह पुस्तक या पौधे दिए जाएंगे अतिथियों को

## बंद बोतल पानी और प्लास्टिक से मुक्त होगा विश्वविद्यालय परिसर

### कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय के दो बड़े फैसले

**बरेली ( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण, भारतीय ज्ञान-परंपरा और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने की दिशा में कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। विश्वविद्यालय में अब अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान में पारंपरिक बुके की जगह पुस्तक या पौधा भेंट किया जाएगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर को बंद बोतल वाले पानी और अनावश्यक प्लास्टिक के उपयोग से मुक्त करने की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। कुलपति प्रो. राय ने कहा कि स्वागत में दिया गया बुके कुछ समय बाद अनुपयोगी हो जाता है, जबकि एक अच्छी पुस्तक ज्ञान का उपहार है और एक पौधा भविष्य की पीढ़ियों के लिए जीवन का उपहार। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली संस्था है। इसलिए विश्वविद्यालय की कार्यसंस्कृति में ऐसे छोटे-छोटे बदलाव किए जाने चाहिए, जिनका व्यापक सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव हो। उन्होंने कहा कि अतिथियों को पुस्तक भेंट करने की परंपरा से पठन-पाठन और ज्ञान-संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा, जबकि पौधा भेंट करने से पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा।



### प्लास्टिक मुक्त परिसर की ओर कदम

कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर में बंद बोतल वाले पानी के उपयोग को हतोत्साहित करने तथा सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिये हैं। इसके स्थान पर सुरक्षित एवं टिकाऊ पेयजल व्यवस्था तथा पुनः उपयोग किए जा सकने वाले विकल्पों को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर बोतल बंद पानी की जगह कांच या तांबा के गिलास और लोटा या जग अब स्थान लेंगे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य केवल 'प्लास्टिक मुक्त परिसर' बनना नहीं, बल्कि ऐसा परिसर विकसित करना है जहां पर्यावरणीय चेतना जीवनशैली का हिस्सा बने। पुस्तक और पौधे को सम्मान-संस्कृति का माध्यम बनाना इसी सोच की शुरुआत है।

# खेतों पर जायें जब किसान ट्रैफिक पुलिस न करे चालान

## भाकियू की पंचायत में कई समस्याओं पर विचार



**नूरपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत बुधवार को गन्ना समिति के परिसर में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह ने तथा संचालन जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह ने किया। मांग की गई कि किसानों को खेतों पर जाते समय ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। गांव-गांव किसानों की मोटर एवं बिजली के तारों की बढ़ती चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए उचित एवं प्रभावी व्यवस्था की जाए। आगामी पेराई स्तर में गन्ने का भाव 600 प्रति कुंतल किया जाए। क्षेत्र में बढ़ते बंदरों के आतंक व आवारा पशुओं से किसानों एवं ग्रामीणों को निजात दिलाई जाए। आगामी 17 सितम्बर को मुजफ्फरनगर में आयोजित होने वाली पंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का किसानों से आह्वान किया गया। पुलिस सम्बंधित समस्याओं के विषय में एक ज्ञापन थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार को सौंपा गया। पंचायत में चौधरी चंद्रपाल सिंह, मास्टर देवेन्द्र सिंह, विनीत धनकड़, समरपाल यादव, यशवीर सिंह, निपेन्द्र सिंह यादव, गौतम सिंह, मास्टर लटूर सिंह, शीशपाल सिंह, कावेंद्र सिंह रहटी, धर्मेंद्र सिंह, अशोक कुमार, रोहताश सिंह, कल्याण सिंह, मोनू, नरेंद्र सिंह, पीयूष कुमार, सुभाष सिंह, धीर सिंह, भूरे खान, उबैद मकरानी, नरेश सिंह, अनिल सिंह, पूर्व प्रधान गफ्फ़ार अहमद, मुनिराम सिंह सहित सैकड़ों किसान साथी उपस्थित रहे।




# जेसीबी चालक पर फ़ायर करने वाला गिरफ़्तार

## पुलिस ने फायरिंग के आरोपी का चालान कर दिया।



**नूरपुर (चिंगारी)।** दो दिन पूर्व क्षेत्र के गांव आजमपुर निवासी अजीम पुत्र फुरकान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह जेसीबी मशीन लेकर नूरपुर आ रहा था। इस बीच रास्ते में मिले ग्राम धूंधली निवासी युवक फैसल पुत्र इकबाल ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौच की थी। गाली देने से मना किया तो आरोपी फैसल ने जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर तमंचे से फायर करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फ़रार हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी फैसल को नामजद करते हुए एक अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। पुलिस ने बुधवार को घटना के मुख्य आरोपी फैसल को गिरफ्तार कर लिया तथा पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 315 बोर का अवैध तमंचा व एक खोखा कारतूस बरामद कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार व हे.का. भूपेन्द्र सिंह व कांस्टेबल राहुल व भूदेव मौजूद रहे। पुलिस ने आरोपी युवक का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपी के चालान की पुष्टि की है।

# हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज, बिजनौर में हिंदी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन्हीं कार्यक्रमों के क्रम में आज मौलिक कविता लेखन एवं पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों, महवीश परवीन, इल्मा शरीफ, गायत्री, दिव्या, अलविशा, रिया, आयशा, हर्ष कुमार तथा आदित्य आदि सहित लगभग 38 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग लिया। इस अवसर पर हिंदी विभागा अध्यक्ष प्रोफेसर शशिप्रभा ने सभी प्रतिभागियों ने अच्छे कविता पाठ के लिये आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में डॉ. अंजू बंसल, डॉ. ओ.पी. सिंह, डॉ. पूजा सिंह तथा आयुष बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रीना प्रताप ने किया। मौलिक कविता लेखन व गायन का परिणाम 14 सितम्बर को हिंदी दिवस पर घोषित किया जायेगा व छात्रों को पुरस्कार दिया जायेगा।

# भाकियू की पंचायत में उठा बिजली संबंधी समस्याओं का मुद्दा

**किरतपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत किरतपुर बिजलीघर पर हुई, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अंकित चौधरी ने की। किसानों की प्रमुख समस्याओं को उठाया गया, जैसे-बढ़ती हुई बिजली दरें, खराब लाइन, बिजली कटौती, गलत बिल, खासकर 3 किलो वाट बिजली मुद्दा गरमाया रहा है। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही सभी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष अंकित चौधरी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष देवदत शर्मा, ब्लाक महासचिव मोहम्मद यासीन, वीरेंद्र सिंह, विपिन कुमार, वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष संजय कुमार, संजीव सिंह, नगर अध्यक्ष रामअवतार सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष अतीक अहमद, इरफान भाई, काले, विक्रांत, शहजाद, वारिस आदि मौजूद रहे।



# यातायात पुलिस का अभियान, 337 वाहनों का चालान

**बिजनौर (चिंगारी)।** यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया। शहर के मुख्य चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर और मालवाहक वाहनों में निर्धारित प्रायोजन के विपरीत सवारी ढोने वालों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की गई। जिलेभर में कुल 337 वाहनों के चालान किए गए। बुधवार को यातायात पुलिस ने वाहनों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पटाखे जैसी आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगे 11 वाहनों के चालान किए। इनमें छह बुलेट के साइलेंसर मौके पर उतरवाकर यातायात कार्यालय में जमा कराए गए। वहीं मालवाहक वाहनों में निर्धारित प्रायोजन के विपरीत सवारी ढोने वाले आठ वाहनों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई। चैकिंग के दौरान आवश्यक दस्तावेज नहीं होने और नियमों के गंभीर उल्लंघन पर चार वाहनों को मौके पर ही सीज किया गया। जिलेभर में 337 वाहनों के चालान किए गए।

यातायात प्रभारी दरोगा रवि नैन ने वाहन चालकों से अपील की कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहनों में प्रेशर हॉर्न या मॉडिफाइड साइलेंसर जैसे अवैध बदलाव न कराएं। उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# बच्चे के भविष्य को आकार देते हैं शिक्षक- के.के. विश्नोई

## रोटरी क्लब स्योहारा द्वारा शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित



रोटरी क्लब स्योहारा द्वारा सम्मानित शिक्षकगण।




एसपी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए डा. मनोज वर्मा व अन्य रोटेरियन

**स्योहारा ( चिंगारी )।** यहां ठाकुरद्वारा रोड स्थित एक विवास मंडप में रोटरी क्लब द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता डा. मनोज वर्मा तथा संचालन कांता प्रसाद पुष्पक ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एस.पी. कृष्ण कुमार विश्नोई, डा. मनोज वर्मा व अन्य रोटेरियंस ने दीप प्रज्वलित कर किया। रोटरी क्लब अध्यक्ष कांता प्रसाद व डा. मनोज वर्मा ने मुख्य अतिथि एसपी के.के. विश्नोई को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में युवा चिकित्सक डा. शाश्वत वर्मा, एनसीसी कैप्टन धीरज शर्मा, गौशाला व अन्य सामाजिक कार्य के लिए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजेंद्रपाल सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

डा. मनोज वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गुरू हमारे जीवन में




युवा चिकित्सक डा. शाश्वत वर्मा को सम्मानित करते एसपी

महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समय-समय पर धर्मगुरूओं ने भी हमारा मार्गदर्शन किया। गुरू परम्परा में गुरू गोविंद सिंह, रविदास, विवेकानंद, गुरू जम्भेश्वर आदि ने धर्म की राह दिखाई, ये सब पूजनीय हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि प्रथम गुरू माँ है, जो संस्कार देती है। बच्चों के साथ समय बिताना महत्वपूर्ण है। दूसरे गुरू प्राईमरी स्कूल के टीचर होते हैं, जो बच्चों की नींव में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। एसपी ने बताया कि वह अपने गुरूओं को आज भी फोन कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। शिक्षकों द्वारा दिया गया ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन बच्चे के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में श्रेष्ठ शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब ने एसपी को श्री कृष्ण की प्रतिमा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गोल्ड बैल्स इंटरनेशन स्कूल द्वारा भी एसपी को सम्मानित किया गया।

समारोह में रोटरी क्लब के सचिव हरी ओम सिंह, शोभित जैन, ऋषभ जैन, आकाश जैन, समीर रस्तोगी, अर्पित त्यागी, संजय जैन, सुरेंद्र सिंह उर्फ राजू अरोड़ा, आलोक अग्रवाल, भूपेंदर मिगलानी, रमेश अरोड़ा, चमन भारद्वाज, श्यामल विश्वास, कैप्टन यूनुस चौधरी, धीरज शर्मा, अरविंद्र सिंह काका, प्रदीप दुबे, विजेन्द्र सिंह पाल, अनिल कुशवाहा, राजीव विश्नोई, अर्पित विश्नोई, रो. अर्पित त्यागी, संजय जैन आदि मौजूद रहे।

### इन शिक्षकों को किया गया सम्मानित

आरएसपी इंटर कॉलेज से डालचंद प्रवक्ता, उपेश कुमार गौतम, बिडला पब्लिक कन्या इंटर कॉलेज से रीता रानी अग्रवाल, दिनेश कुमारी, मुस्लिम कुदरत इंटर कॉलेज से उबेस मतलूब, अभय कुमार, गोल्डन बेल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से अनुज कुमार, सीमा देवी, मधुर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हुजेफिया खालिद, मुनीरा नाज, गायत्री देवी शिक्षण संस्थान से प्रधानाचार्या पर्ल रस्तोगी, सना परवीन समन नफीस, जूनियर हाई स्कूल कंपोजिट विद्यालय बूढ़ा नगला राजकुमार शर्मा, गुलशन एटी यूपीएस विद्यालय निचलपुर, मोनिका वर्मा उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कुरी बांगर, आभा शर्मा पीएम कंपोजिट विद्यालय बगवाड़ा, राहत जहां, सोनिया वर्मा डायरेक्टर डिजिटल इंफोसिस, प्रमोद त्यागी प्रधानाचार्य एम रहमान इंटर कॉलेज मेवानवादा, अश्वनी कुमार कंपोजिट विद्यालय बूढ़ा नगला, पुष्प निकेतन धामपुर शैलजा भारद्वाज, अंजू भटनागर प्रधानाचार्य मूर्ति देवी सदाफल, सुशील वर्मा एसडीजेएमएस इंटर कॉलेज, साक्षी पुष्पक जैन पाठशाला, रूचि रानी प्रधानाचार्य एनएच इंटरनेशनल स्कूल सदाफल को सम्मानित किया।

## 21 दिन से धरने पर हैं किसान समस्याओं का नहीं हुआ समाधान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता आज 21वें दिन भी डीसीओ कार्यालय पर डटे रहे। बकाया गन्ना भुगतान और ब्याज के लिए लड़ाई लड़ रहे संगठन का कहना है जब तक मांग पूरी नहीं होगी, वे आंदोलन खत्म नहीं करेंगे। कल 11 सितम्बर को राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन द्वारा एक मीटिंग की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति बनाई जाएगी। धरने पर प्रदेश अध्यक्ष कैलाश लांबा, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार उर्फ बिट्ठू, राजपाल भगत जी, सुजान चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर, भूपेंद्र सिंह, ऋषिपाल महाराज, हितेंद्र सिंह, संजीव सिंह, यशपाल सिंह, विवेक चौधरी, रोहित कुमार, सागर सिंह, बृजपाल सिंह आदि धरने में मौजूद रहे।



## सनातन मंदिर में धूमधाम से मनाई भगवान श्रीकृष्ण की छठी

### भजन-कीर्तन के बाद निकली भव्य पालकी यात्रा, आरती और भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बैराज रोड स्थित शक्ति नगर-साईं विहार कॉलोनी के सनातन मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की छठी का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिलाओं द्वारा आयोजित भजन-कीर्तन से हुआ। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के भजनों का गुणगान किया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। इसके बाद मंदिर परिसर से भगवान श्रीकृष्ण की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर कॉलोनी की विभिन्न गलियों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। पालकी यात्रा में महिलाओं और बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा। पालकी यात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से आरती की गई। आरती में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान से परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में देर शाम तक भक्तों की भीड़ जुटी रही। कॉलोनीवासियों और मंदिर समिति के सहयोग से कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।



# खैर की लकड़ी, वन विभाग ने पकड़ी

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। कालागढ़ टाइगर रिजर्व की सोना नदी रेंज में वन विभाग की टीम ने खैर के सूखे पेड़ का अवैध पातन कर उसकी लकड़ी ले जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि मामले में शामिल छह अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।**



वन विभाग की हिरासत में आरोपी।



बरामद खैर की लकड़ी।

सोना नदी रेंज के वन क्षेत्र अधिकारी मुकुल सोनल के अनुसार 7 सितंबर को कालागढ़ पश्चिमी बीट के नलकट्टा कक्ष संख्या-7 में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए विक्रम सिंह उर्फ गब्बर सिंह पुत्र करनेल सिंह, निवासी कुवाखेड़ा खदरी थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर को हिरासत में लिया था। वन विभाग की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर खैर के पेड़ का अवैध रूप से कटान किया था। आरोपी द्वारा फरार बताए गए साथियों में अंग्रेज पुत्र हरनेक सिंह, सूरज पुत्र चांद सिंह निवासीगण कुवाखेड़ा खदरी थाना बढ़ापुर, विशाल पुत्र रेशम सिंह निवासी सरकड़ी थाना बाजपुर ऊधमसिंह नगर, दलजीत पुत्र गुरमेज सिंह व अजय पुत्र गोविंदा सिंह निवासीगण थापनगला थाना किलाखेड़ा ऊधमसिंह नगर तथा बॉबी पुत्र स्व. पलविंदर सिंह उर्फ कलेक्टर निवासी कुवाखेड़ा खदरी थाना बढ़ापुर शामिल हैं। वन विभाग के अनुसार हिरासत में लिए गए विक्रम सिंह को न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार के समक्ष पेश किया गया था। जहां से उसे न्यायालय के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार पौड़ी गढ़वाल भेज दिया गया है। वन विभाग के अनुसार मामले में शामिल अन्य छह आरोपी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए वन विभाग की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस दौरान उप वन संरक्षक तरुण एस, उपप्रभागीय वनाधिकारी अनामिका बुक्करवाल, वन क्षेत्राधिकारी सोना नदी मुकुल सुनाल, पवन कुमार कश्यप व सौरभ कुमार, अक्षय नकोटी, निशांत कुमार, मंदीप सहित अन्य वनकर्मी शामिल रहे।



नांगल में कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु

# कृष्ण जी की छठी मनाई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पंजाब नैशनल बैंक के समीप स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं ने कन्हैया जी की छठी श्रद्धा, उत्साह एवं उमंग के संग मनायी। महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। शाम के समय कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। सुबोध वर्मा, पं. अरविंद शुक्ला, अनिल अग्रवाल, राजपाल सिंह, माधव शुक्ला, अभिषेक अग्रवाल, उमेश वर्मा, उषा शुक्ला, पंकज देवी, किरन शुक्ला, बबली शर्मा, रीना तोमर, उर्मिला सिन्हा, दिनेशबाला, मंजू अग्रवाल, रेखा अग्रवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं क्षेत्र के ग्राम पूंडरी खुर्द में श्री शिव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर की प्रबंध सेवा समिति के इंद्रपाल सिंह, मैनपाल सिंह, बिजेन्द्र सिंह, अरुण कुमार, विपिन कुमार, महेन्द्र सिंह, मा. जयप्रकाश सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मंदिर की प्रबंध सेवा समिति के अध्यक्ष मैनपाल सिंह ने बताया कि यहां प्रतिवर्ष कन्हैया जी की छठी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें ग्रामवासी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# स्कूल में हुई क्विज प्रतियोगिता में ग्रुप सी जीता

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में बुधवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाना और उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करना था। प्रतियोगिता के अंत में विजेता ग्रुप सी को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के एम.डी. डालचंद पाल, प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत, प्रबंधक किरण देवी, उपप्रधानाचार्य अंतरेश, शिक्षिकायें रिया, पिंकी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। एमडी, पूर्व फौजी डालचंद पाल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगितायें बच्चों के सर्वांगीण विकास में काफी सहायक होती हैं।



विजेता ग्रुप-सी के बच्चों के साथ एमडी एवं शिक्षिकायें।

# बिजनौर में 13 सितम्बर को होगा काकरान खाप का महासम्मेलन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 13 सितम्बर, रविवार को काकरान वाटिका बिजनौर में काकरान समाज एवं काकरान ठकुरेला समाज का महासम्मेलन होगा। सम्मेलन के संयोजक रविन्द्र सिंह काकरान एवं कार्यक्रम आयोजक मुनेन्द्र सिंह काकरान ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन प्रातः 10 बजे शुरू होगा। इस महासम्मेलन में खाप थामेदारी की घोषणा की जायेगी। इसके साथ ही दहेज प्रथा पर रोक, नशा मुक्ति, लिंग अनुपात, गरीब लड़कियों की शादी, कमजोर परिवारों की मदद एवं मृत्यु भोज पर रोक आदि विषयों पर सम्मेलन में विचार किया जायेगा। रविन्द्र काकरान एवं मुनेन्द्र काकरान ने समस्त काकरान खाप एवं काकरान ठकुरेला समाज के लोगों से सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सम्मेलन को लेकर काकरान खाप के लोगों में बहुत उत्साह है।

# डा. रोहित कुमार ने संभाला ईएमओ का कार्यभार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर स्वायत्त राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंधित जिला चिकित्सालय, बिजनौर के आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी) में डॉ. रोहित कुमार ने ईएमओ (इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर) का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। डॉ. रोहित कुमार अपने मिलनसार, मृदुभाषी एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मरीजों की बेहतर देखभाल और सेवा करना चिकित्सकों का सबसे पहला और प्रमुख कर्तव्य है। उन्होंने मरीजों की समस्याओं को संवेदनशीलता और धैर्य के साथ सुनकर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर सीनियर ईएमओ डॉ. प्रेम प्रकाश, ईएमओ डॉ. विवेक, चीफ फार्मासिस्ट आनंद प्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु सैनी, ग्लैडविन, सुपरवाइजर वसीम अहमद, लवकुश, रितिक, अमर, तिलकराम और हिफजान सहित चिकित्सालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दो शिक्षकों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था गैलेक्सी वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनेक शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर शेरी-निशस्त का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इमरान साहब एवं डॉ. शकील हाशमी रहे। ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. कलीम के आवास पर ज़ैनुल आबिदीन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान करने के लिए वरिष्ठ शिक्षक शमशुद्दीन शकील अहमद को 'अनवार-उल-हक़ हाशमी मेमोरियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. कलीम ने दोनों शिक्षकों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने



समर्पण, मेहनत और आदर्श शिक्षण के माध्यम से अनेक विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा दी। बाद में शेरी-निशस्त का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई प्रसिद्ध शायरों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मौ. ताहिर, आसिफ कमाल, कलीम बिजनौरी, अतहर आज़मी, शराफ़त चांदपुरी, तबस्सुम ज़िया, मुबीन सहर, अयाजुल एजाज़, मास्टर अफ़ज़ाल, मोमिन चांदपुरी सहित अनेक कवियों और साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया।

# हाथी ने किसानों के खेतों पर कब्जा जमाया, लाखों का गन्ना खाया

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** बीते डेढ़ माह से एक हाथी विजय सिंहपुर (बढ़ापुर) रेंज के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में किसानों के लिए सिर दर्द बना हुआ है। अपने प्राकृतिक आवास का रास्ता भूल चुका यह हाथी दिन-रात खेतों में रहकर करीब 10 से 12 लाख रूपयों की कीमत का गन्ना चट कर चुका है और दो किसानों के ट्यूबवेल भी तोड़ चुका है। हाथी के व्यवहार और आक्रामकता से डरे सहमे पीड़ित किसानों को यह भी भय सता रहा है कि उक्त हाथी किसी दिन उनकी भी जान ले सकता है या फिर खेतों से गुजर रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर अपनी भी जान गंवा सकता है। यानी संकट दोनों की जान पर बना हुआ है।

गौरतलब है कि बढ़ापुर रेंज के गांव बहेड़ी, सरदारपुर, रामजीवाला और पूरनपुर में किसानों के खेतों में एक गजराज ने अपना कब्जा कर लिया है। किसान बताते हैं कि बीते डेढ़ माह से उक्त हाथी एक भी दिन रिजर्व फॉरेस्ट के भीतर नहीं गया है। दिन-रात खेतों में रहकर फसलों को बर्बाद करने वाला हाथी भी मानों गुलदारों की तरह अपने प्राकृतिक आवास को त्याग चुका है। उक्त हाथी किसान महेश सिंह की 5 बीघा, राधेश्याम की 3 बीघा, सत्यपाल सिंह की 3 बीघा, निरंजन की 5 बीघा, धर्मपाल सिंह की 3 बीघा के अत्यधिक कई और किसानों की गन्ने की फसल को खाकर बर्बाद कर चुका है। पीड़ित किसान बताते हैं कि करीब डेढ़ माह के भीतर उक्त हाथी उनकी 10 से 12 लाख रुपयों कीमत की गन्ने की फसल को निगल चुका है। इसके अतिरिक्त 2 दिन पूर्व ही गांव सरदारपुर निवासी किसान कृपाल सिंह और रामकुमार सिंह के खेतों पर बने दो ट्यूबवैलों पर भी तोड़फोड़ कर चुका है। विद्युत कनेक्शन तोड़ डाले हैं। पीड़ित किसान बताते हैं कि गनीमत यह रही कि घटना वाले दिन भारी बारिश के चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित थी अन्यथा कनेक्शन तोड़ते समय हाथी की जान भी जा सकती थी।


फसल बर्बाद करता हाथी

## विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंग रही

पीड़ित किसानों का आरोप है कि उन्होंने रेंजर से लेकर डीएफओ और वन विभाग के आला अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले से अवगत करा दिया गया है, किंतु वन विभाग के अधिकारी उनकी इस समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। किसान बताते हैं कि खेतों से गुजर रही हाई टेंशन लाइन लटकी पड़ी है। ऐसे में करंट लगने से हाथी की भी जान पर भी संकट बना हुआ है। इसके बावजूद वन विभाग को न तो हाथी और न ही किसानों की जान-माल की कोई चिंता दिखाई दे रही है।

## पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाएंगे - दिगम्बर



**भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने पीड़ित किसानों की फसलों के नुकसान का समर्थन करते हुए कहा कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। हाथी जिन किसानों की फसलों को खा गया है। एक-एक किसान को वन विभाग से मुआवजा दिलाया जाएगा। साथ ही वन अधिकारियों को किसानों के खेतों से हाथी को दूर रखने के लिए स्थाई समाधान करने लिए अवगत करा दिया गया है।**

## डीएफओ का कहना है...

हाथी द्वारा किसानों की फसलों का नुकसान किए जाने के सवाल के जवाब में नजीबाबाद डिवीजन के डीएफओ पृथ्वीराज केएस बताते हैं कि जब भी कोई शिकायत आती है तो वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पटाखे फोड़कर हाथी को भगा देती है। हाथी को खेतों से दूर रखने के स्थायी समाधान के अंतर्गत एलीफेंट प्रूफ ट्रेंच पर भी कार्य किया जा रहा है। किसानों का जो नुकसान हुआ है, उसकी जांच कराकर मुआवजा भी दिया जाता है। हाथी को भी खेतों से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के करंट लगने के सवाल के जवाब में उनका कहना था विद्युत लाइन को ऊंचा कराने का प्रयास किया जाएगा।

## पंचायती चुनाव की राजनीति पड़ी ठंडी, सूनी हो गई गांवों की पगडंडी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** पंचायत चुनाव टल जाने के कारण गांवों की राजनीति पूरी तरह 'ठंडी' पड़ गई है। अब गांवों की चौपालों पर राजनीतिक बैठकें लगती दिखाई नहीं दे रही हैं। कथित 'युवा समाजसेवी' भी अब गांवों की गलियों में हाथ जोड़ते कहीं दूर तक भी नज़र नहीं आ रहे हैं।

कुछ माह पूर्व जब पंचायत चुनावों की आहट सुनाई दे रही थी, तो गांवों की राजनीति गर्माने लगी थी। भावी उम्मीदवारों की चौपालों पर राजनीतिक बिसातें बिछने लगी थीं। दावतों का दौर भी चलने लगा था। युवाओं ने भावी उम्मीदवारों से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के खूब फीते कटवाये थे। लेकिन फिर खबर आई कि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पायेंगे, जिससे गांवों की गलियों में जो राजनीतिक गर्माहट आई थी, वो धीरे-धीरे ठंडी पड़ने लगी। अब पंचायत चुनाव इस वर्ष होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। प्रबल संभावना जताई जा रही है कि पंचायत चुनाव अगले वर्ष विधानसभा चुनावों के उपरांत ही होंगे। चुनाव लड़ने के दावेदार गांवों की गलियों से नदारद से हो गये हैं।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## हमले का आरोपी गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा रविकरण सिंह के दिशा निर्देशन में धर पकड़ अभियान चलाकर एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना क्षेत्र के अकबरपुर तिगरी गांव निवासी मुख्तार अहमद की पत्नी मुसर्रत द्वारा 7 सितम्बर 2026 को पुलिस को तहरीर दी थी, जिसमें दूसरे पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडों से मारपीट और घर में घुसकर गाली गलौज तथा तमंचे से फायर कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। मामले में 7 नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी जहीर उर्फ जहीरूद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन को गिरफ्तार किया। अकबरपुर तिगरी गांव में दो पक्षों में लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था, तब पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया था। मामले में दूसरे पक्ष के वांछित आरोपी महाराज पुत्र मुख्तार को तमंचे और एक खोखा कारतूस के साथ पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।




अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761
मो. 8192801901

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 819280190

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701
Ph- 8192801901, 9240083911

# कूड़ाघर में तब्दील हो गया भूखण्ड
# 10 साल में भी नहीं बना बैंक भवन

**बरूकी/बिजनौर (चिंगारी)। ग्राम बरूकी में जिला सहकारी बैंक की शाखा के निर्माण के लिए करीब 10 वर्ष पूर्व आवंटित किया गया भूखंड आज तक बैंक भवन का इंतजार कर रहा है। निर्माण कार्य नहीं होने के कारण यह भूखंड अब कूड़ाघर में तब्दील हो गया है। मामले को लेकर क्षेत्रीय किसानों में रोष व्याप्त है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्रीय किसानों की मांग पर तहसील बिजनौर क्षेत्र के ग्राम बरूकी स्थित सहकारी संघ बाकर नंगला एवं बहुउद्देशीय सहकारी समिति बरूकी के प्रांगण में जिला सहकारी बैंक की बरूकी शाखा के निर्माण के लिए करीब एक दशक पूर्व भूखंड आवंटित किया गया था। इसका उद्देश्य किराए के भवन में संचालित बैंक शाखा से किसानों को होने वाली असुविधाओं से निजात दिलाना था। बताया गया कि भूखंड आवंटित होने के लगभग 10 वर्ष बीत जाने के बावजूद यहां बैंक शाखा के भवन का निर्माण नहीं हो सका है। निर्माण के अभाव में आवंटित भूखंड पर कूड़ा जमा होने लगा है, जिससे स्थानीय लोगों और किसानों में नाराजगी है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेते हुए सहकारी बैंक की बरूकी शाखा के लिए आवंटित भूखंड पर शीघ्र बैंक भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्रीय किसानों को बैंकिंग सुविधाओं के लिए होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके।

# मेरा नाम करेगा रोशन...

**चांदपुर (चिंगारी)।** बच्चों के अपने सपने हैं, कोई डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना चाहता है, तो कोई आर्मी में जाकर देश की सेवा करने का जज्बा रखता है।



अंजली मित्तल | आरव चौधरी | अस्मित चौधरी | पूर्व अग्रवाल | नंनदी अग्रवाल | अनाया मलिक

नगर के मुहल्ला गोकुलनगर निवासी श्रीमती पूजा मित्तल व ज्वैलर्स आकाश मित्तल की पुत्री अंजलि मित्तल का सपना है कि वे चिकित्सक बनकर गरीब व असहाय लोगों की मदद करें। स्वाति अग्रवाल व वरुण अग्रवाल की पुत्री नंदनी अग्रवाल का सपना है कि भविष्य में शिक्षक बनकर गरीब बच्चों में शिक्षा की अलख जगाये तथा उन्हें शिक्षित करें। नगर के मुहल्ला पतियापाड़ा निवासी कमर जहां व मोमिन खान की पुत्री अनाया मलिक का सपना डाक्टर बनने का है। नगर के दया विहार कालोनी में रहने वाली शिक्षिका श्रीमती दीपशिखा तोमर व शिक्षक विनीत तोमर के बड़े पुत्र आरव चौधरी का सपना इंजीनियर बनने तथा छोटे पुत्र अस्मित चौधरी का सपना आर्मी आफिसर बनकर देश सेवा करने का है। मुहल्ला गोकुलनगर निवासी श्रीमती आयुषी अग्रवाल व अमन अग्रवाल के पुत्र पर्व अग्रवाल का सपना डाक्टर बनने का है।

**प्रस्तुति- मुहम्मद अजमल**

# नौ दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन

**हल्दौर (चिंगारी)।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान, हल्दौर पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आई सीआरपी के नौ दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन जिला प्रशिक्षण अधिकारी अजीत कुमार तथा प्रशिक्षण प्रभारी शीतलराज सिंह ने समस्त प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न /प्रमाण-पत्र प्रदान कर किया। प्रशिक्षण सत्र में विकास खण्ड कोतवाली, नूरपुर तथा मौ. देवमल की कुल 63 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सत्र प्रारंभ के सातवें और आठवें दिन ग्राम मिठान व सल्लाहपुर में भ्रमण के लिए ले जाया गया, जहां पर स्वयं सहायता समूह बनाने का प्रशिक्षण व्यवहारिक रूप प्रदान किया गया। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रतिभागी अन्य जनपदों में जाकर स्वयं सहायता समुह का गठन कर गरीब महिलाओं को आजीविका के साधन बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगी, जिसका उन्हें मानदेय के रूप में धनराशि देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रशिक्षक दल में रहकर एसआरपी मोरिस कुमार, डीआरपी शालिनी सिंह, सरिता, व राखी तथा बीआरपी ममता सैनी व शिखा ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

# अधिवक्ता आकिब यूनुस को मिली इलाहाबाद बार एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद के युवा अधिवक्ता एवं भाजपा नेता आकिब यूनुस एडवोकेट ने न्यायिक एवं सामाजिक क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। उच्च न्यायालय प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रमेश पुंडीर एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजस्व परिषद, इलाहाबाद द्वारा अधिवक्ता आकिब यूनुस को आजीवन सदस्यता का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान आकिब यूनुस के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होने के साथ-साथ बिजनौर जनपद के अधिवक्ता समाज के लिए भी गौरव का विषय है। आजीवन सदस्यता का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद आकिब यूनुस ने इस सम्मान के लिए संबंधित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता के रूप में उनका प्रयास हमेशा लोगों को न्याय दिलाने और जरूरतमंदों की कानूनी मदद करने की दिशा में रहेगा। लोगों ने कहा कि बिजनौर के युवा अधिवक्ता एवं भाजपा नेता आकिब यूनुस की यह उपलब्धि जिले के लिए गौरव की बात है।



# किसान संघ ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी

**नहटौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान संघ (खंड आकू-नहटौर) ने बीडीओ प्रताप सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। बुधवार को नहटौर ब्लॉक कार्यालय पहुंचे भाकिसं पदाधिकारियों ने बीडीओ को सौंपे ज्ञापन में कहा कि संघ ने चीनी मिलों के संचालन से पूर्व गन्ने का भाव पांच सौ रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने और बकाया भुगतान पर ब्याज देने की मांग की। पीएम किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 12 हजार वार्षिक करने, बिजली का भार घटाने और आयुष्मान कार्ड बनाने की मांग रखी। इस दौरान खंड अध्यक्ष राजेश सिंह, खंड मंत्री कुलदीप सिंह तोमर, सुशील राठी, कुलदीप राठी, जागेश कुमार, चिंटू कुमार, लखन सिंह, युवा खंड प्रमुख धीरज सिंह, धर्मेंद्र कुमार और संजीव कुमार मौजूद रहे।

# यूपी में सपा की सकार बनने जा रही - मनोज पारस

## किरतपुर में हुआ पीडीए सम्मेलन



**किरतपुर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी का पीडीए (पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक) सम्मेलन बुधवार की रात्रि नगर के एक बैंकट हॉल में उद्योगपति बाबू रईस अहमद भट्टे वालों की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हलवाई, कंबोज तथा अल्वी बिरादरी के सैकड़ो लोग शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक मनोज पारस ने कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ सपा नेता शाकिर रजा के बुलावे पर कार्यक्रम में जो भीड़ उमड़ी है, वह इस बात का सबूत है कि प्रदेश में लोग भाजपा के शासनकाल से परेशान हैं और वह सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भावी मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा मनोज पारस कथनी व करनी में कोई फर्क नहीं है उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि इस बार भी विधायक मनोज पारस को एमएलए बनाने का काम करें।

पूर्व सपा नगर अध्यक्ष शब्बन जुनैदी ने अपने जोशीले भाषण में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आहवान किया। उन्होंने सांसद का नाम बिना लिए कहा कि सहारनपुर मस्जिद प्रकरण पर भी मुसलमानों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक शाकिर रजा ने कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है, हमें पूरी एक जुटता के साथ सपा को मजबूत करना है। इरशाद मेंबर ने कहा कि हलवाई कंबोज व अल्वी बिरादरी शुरू से ही सपा का वोट बैंक है। डॉक्टर तोहीद अहमद साबरी ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से परेशान है और वह परिवर्तन चाहती है। इस अवसर पर उद्योगपति अहमद रजा, खुशनूद अल्वी, रशीद होटल वाले, वकार अहमद, इब्राहिम बर्तन वाले, बीके कश्यप, पुरुषोत्तम कुमार पप्पी, अनेक सभासद आदि रहे। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ को देखकर आयोजक गदगद नजर आए। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। संचालन सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष हसन अली चौधरी एडवोकेट, याकूब मलिक व शेख जाहिद ने संयुक्त रूप से किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक शाकिर रजा ने सबका आभार व्यक्त किया।

# रोटरी क्लब ने किया नेशनल बिल्डर अवार्ड समारोह का आयोजन

## शिक्षकों को किया सम्मानित




**ऋषिकेश ( चिंगारी )**। रेलवे रोड, ऋषिकेश में रोटरी क्लब ऋषिकेश द्वारा आयोजित नेशनल बिल्डर अवार्ड समारोह में ऋषिकेश विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने उन समाज सेवक शिक्षक राजीव अग्रवाल, शिक्षक संगीता अग्रवाल व अन्य शिक्षकों का सम्मान किया। जो अपने समर्पण, परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा से विद्यार्थियों के भविष्य के साथ-साथ राष्ट्र के भविष्य को भी संवारने का कार्य कर रहे हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और चरित्र का निर्माण करते हैं। एक शिक्षक के मार्गदर्शन से तैयार होने वाला विद्यार्थी आगे चलकर समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसलिए शिक्षक को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला कहा जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। आज के बदलते दौर में भी शिक्षकों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध से जोड़ना आवश्यक है रोटरी क्लब ऋषिकेश द्वारा शिक्षकों के सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करते हैं। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मेहरबान सिंह बिष्ट, सचिव मनीष राजपूत, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, कार्यक्रम संचालक डॉ. हरिओम प्रसाद, नवीन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, नितिन गुप्ता, सुदामा सिंघल, लक्ष्मण सिंह चौहान, शिव प्रसाद भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का समापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। दुगड्डा ब्लाक के अंतर्गत पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राइंका बल्ली के खेल मैदान में आयोजित न्याय पंचायत उतिच्छी के दो दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुम्भ का समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदीश प्रसाद बेवनी ने खेलकूद के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जानकारी दी। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग एवं विभिन्न विद्यालयों से आए हुए लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया एवं प्रतियोगिता के उपरांत विजेता छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन के रूप में मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। अंत में प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने प्रतियोगिता के संचालन में सहयोग देने पर समस्त विद्यालय स्टाफ, विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षक गणों, छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्थानीय जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ खेलों में भी प्रवीणता ज़रूरी : सजवाण

## जनपदीय शरदकालीन खेल कूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। कोटद्वार स्थित राजकीय स्टेडियम में जिला पौड़ी गढ़वाल के विद्यालयों के 76 वें जनपदीय शरदकालीन खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आगाज हो गया है।

प्रतियोगिताओं का आरंभ जयहरीखाल के ब्लॉक प्रमुख रणवीर सजवाण ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिक का निवास होता है। स्वस्थ शरीर हेतु खेलों में प्रतिभाग करना आवश्यक है। क्रीड़ा स्थल संयोजक मुकेश रावत ने मुख्य अतिथियों व खिलाड़ियों स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी प्रवीणता होनी भी आवश्यक है। तत्पश्चात आर्य कन्या बालिका इंटर कॉलेज व राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

इसके बाद आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत अंडर 17खो खो बालक वर्ग में द्वारीखाल विकासखंड ने जयहरीखाल व यमकेश्वर ने नैनीडांडा विकास खंड को हराया वहीं इसी प्रतियोगिता के अंडर-17बालिका वर्ग में दुगड्डा विकासखंड ने बीरोंखाल, पोखड़ा ने कोट, एकेश्वर ने बीरोखाल व कल्जीखाल ने कोट को हराया। अंडर 14 बालिका वर्ग बालीवाल में पौड़ी ने दुगड्डा व अंडर 17बालिका वर्ग में दुगड्डा ने यमकेश्वर को हराया। कबड्डी अंडर 14 बालिका वर्ग में खिर्सू ने पोखड़ा, नैनीडांडा ने दुगड्डा व अंडर 19 बालक वर्ग में दुगड्डा ने रिखणीखाल व यमकेश्वर ने नैनीडांडा को पराजित किया

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी वर्षा भारद्वाज, राजकीय शिक्षक संघ के मंडल मंत्री मनमोहन चौहान, ज़िला मंत्री बिजेंद्र बिष्ट, प्रधानाचार्य बबीता ध्यानी और अभिभावक संघ अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल सहित विनोद पंत, पूरन रावत, प्रभाकर रावत, धर्मेन्द्र शाह,सूरज रमोला और राकेश भट्ट आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# बीजीयू में मनाया गया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस

## फिजियोथेरेपी की उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी के एलाइड एंड हेल्थ साइंसेज विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फिजियोथेरेपी की उपयोगिता और स्वास्थ्य संरक्षण में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में बढ़ते करियर अवसरों के साथ विभिन्न शारीरिक समस्याओं के उपचार में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों और प्रस्तुतियों के माध्यम से फिजियोथेरेपी के प्रति लोगों को जागरूक किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में दक्षता हासिल करने और समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. पीएस राणा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर सीखने और नई तकनीकों से जुड़ने की आवश्यकता है। इससे विद्यार्थी समाज के लिए उपयोगी योगदान दे सकते हैं। फार्मेसी विभाग की प्रधानाचार्य डॉ. ज्योति सक्सेना, परीक्षा नियंत्रक डॉ. शशिकांत तिवारी, एडमिनिस्ट्रेटिव हेड शशि, विभागाध्यक्ष विपिन चंद समेत शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में हरिद्वार संकुल बना ओवर ऑल चैम्पियन

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। कोटद्वार स्थित राजकीय स्टेडियम में भारतीय शिक्षा समिति उत्तराखंड की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 38वें प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस दौरान हरिद्वार संकुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 14 संकुलों से पहुंचे करीब 450 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

अंतिम दिवस की प्रतियोगिता का आरंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने ध्वजारोहण कर किया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर हरिद्वार संकुल ने तीनों आयु वर्गों में पहला स्थान हासिल किया। अंडर-14 में देहरादून दूसरे और रुद्रपुर तीसरे स्थान पर रहा। अंडर-17 में रुद्रपुर ने दूसरा तथा देहरादून ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 में देहरादून दूसरे और काशीपुर तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में अनुष्का फुलारा और अंकिता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्रदेश निरीक्षक डॉ. विजयपाल सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, इसलिए छात्र-छात्राओं को खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लेना चाहिए। इस दौरान विद्या भारती के वरिष्ठ प्रचारक सुनील, प्रदेश निरीक्षक डॉ. विजयपाल सिंह, प्रांत खेल संयोजक रविंद्र रावत, गढ़वाल संभाग निरीक्षक नत्थी लाल बंगवाल और कुमाऊं संभाग निरीक्षक सुरेशानंद जोशी मौजूद रहे। इंद्रपाल परमार, गिरीश जोशी, मदन जलाल, निरंजन कुमार समेत आयोजक समिति से जुड़े पदाधिकारी, खेल निर्णायक, शिक्षक और बड़ी संख्या में प्रतिभागी मौजूद रहे।

# एम्स में मनाया गया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

## कम्युनिटी न्यूट्रिशन मेले का आयोजन किया



**ऋषिकेश ( चिंगारी )**। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के तत्वावधान में 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2026' के तहत खदरी स्थित विवेका एकेडमी में 'कम्युनिटी न्यूट्रिशन मेला' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 8 के लगभग 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। मेले में संतुलित पोषण, स्वस्थ भोजन के चुनाव, एनीमिया की रोकथाम और पोषण से जुड़ी गलतफहमियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने वाली इंटरैक्टिव गतिविधियों को फोकस किया गया था। कार्यक्रम का आयोजन एम.एससी. व बीएससी नर्सिंग के छात्रों के संयुक्त सहयोग से किया गया। नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. डॉ. स्मृति अरोड़ा और विवेका एकेडमी की प्रिंसिपल श्रीमती दिवेश्वरी देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक आयोजनों से स्कूली बच्चों को शारीरिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलता है। खेलो, सीखो, बदलो- स्वस्थ समुदाय, स्वस्थ भविष्य के मुख्य संदेश पर आधारित इस मेले में पोषण शिक्षा के लिए 'हैंड्स-ऑन' (व्यावहारिक) तरीका अपनाया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. राजराजेश्वरी, सुश्री रीना, मुरली, सचिन और मुकेश आदि मौजूद रही।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान**।
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी**।
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाई तो जेल या जहन्नुम जाओगे : योगी

## जल्द 50 हजार बेटियों को स्कूटी देंगे

**वाराणसी ( एजेंसी/चिंगारी )।** घर से बाहर कैसे निकलें, 9 साल पहले यह सवाल था। कहां तक जाना है, आज यह सवाल है। पहले घर से बाहर निकलने में बेटियां डरती थीं, आज ऐसी कोई चिंता नहीं। हमने कह दिया है कि बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाई तो दो ही जगह होंगी- जेल या जहन्नुम। हम जल्द ही 50 हजार बेटियों को स्कूटी देंगे। हम उन लोगों में नहीं हैं कि वोट बैंक के लिए किसी माफिया के सामने गिड़गिड़ाएं। योगी पिंडरा में कामकाजी महिला सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोग आएंगे जो बात करेंगे, नई घोषणाएं करेंगे, जाति के नाम पर बांटेंगे। लेकिन, जब किसी दुर्दांत माफिया पर कार्रवाई की बात आएगी, तो इनकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती है। ये सब मौन हो जाते हैं। उसके सामने गिड़गिड़ाते नजर आते हैं। इससे पहले योगी ने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में राष्ट्रीय पोषण माह-2026 का शुभारंभ किया। इस मौके पर योगी ने कहा कि 2017 में जब मैं आया, तो मैंने पूछा कि आखिर आंगनबाड़ी केंद्रों की इतनी खराब स्थिति क्यों है? शिकायतें क्यों आती हैं? तब पता चला कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर जो पोषाहार जा रहा था, उसकी सप्लाई उत्तर प्रदेश का एक शराब माफिया करता था। मैं यह सुनकर भौचक्का रह गया। हमने पोषाहार की गुणवत्ता की जांच कराई, तो उस पर भी सवाल खड़े हुए। मैंने पूछा कि क्या वह हर महीने पोषाहार भेजता है? जवाब मिला- अरे नहीं साहब, वह तो तीन महीने में एक बार भेज दे तो भेज दे, नहीं तो सब भगवान भरोसे है। उन्होंने कहा कि पहले लाचारी दिखती थी। यह लाचारी उस समय के सिस्टम की वजह से थी। इससे पहले सीएम ने नवजात बच्चों का अन्नप्राशन कराया। बेटियों को गोद में उठाकर खीर खिलाई। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आए बच्चों को देखकर सीएम ने उन्हें दुलार किया और खिलौने भी दिये।




मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



हल्दौर में हॉस्पिटल के लिए
(महिला नर्स) स्टाफ की आवश्यकता है।
1. वेतन अनुभव के आधार पर
2. ड्यूटी टाइम प्रात: 09 बजे से सायं 06 बजे तक
हॉस्पिटल की विशेषता:-
कर्मचारियों के साथ उचित व्यवहार और वेतन समय पर
सम्पर्क करें:-
सुशील वर्मा
प्रबन्धक- वर्मा हॉस्पिटल
हल्दौर (बिजनौर)
मो.-9997221503, 8006330320
पता:- वर्मा हॉस्पिटल हल्दौर
ग्राम गढ़ी को जाने वाले तिराहे के निकट और काली माता मन्दिर के बराबर में तथा वर्मा मैरिज हॉल के ठीक सामने स्थित है।



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



Gents Specialist
CLASSIC TAILORS
9927060150
Suit Sherwani Pant Shirt
Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476